वर्ष 23, अंक 228, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 12 सितम्बर 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम ने ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया

### हमारा सपना है कि दुनिया के हर डिवाइस में एक भारतीय-निर्मित चिप हो

**ग्रेटर नोएडा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आज भारत एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। मोदी ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का दौरा किया। 11 से 13 सितंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीति को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए सेमी के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि भारत दुनिया का आठवां देश है जो वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह सही समय है भारत में रहने का। आप सही जगह पर सही समय पर हैं प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा, 21वीं सदी के भारत में, हालात कभी कठिन नहीं होते ह्व उन्होंने आगे कहा कि आज का भारत दुनिया को आश्वस्त करता है, जब हालात कठिन हो तो भारत पर निर्भर किया जा सकता हैं।

सेमीकंडक्टर उद्योग और डायोड के बीच संबंध को उजागर करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सेमीकंडक्टर उद्योग विशेष डायोड्स से सुसज्जित है जहां ऊर्जा दोनों दिशाओं में बहती है। उन्होंने समझाया कि जबकि उद्योग निवेश करते हैं और मूल्य निर्माण करते हैं, सरकार दूसरी ओर स्थिर नीतियों और व्यवसाय करने में आसान हालत प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक एकीकृत पारिस्थितिकी





तंत्र प्रदान करता है जो सेमीकंडक्टर उद्योग में प्रयुक्त एकीकृत सर्किट के समान है। उन्होंने भारत के डिजाइनरों की चर्चित प्रतिभा को उजागर किया। उन्होंने बताया कि भारत का डिजाइनिंग के क्षेत्र में योगदान 20 प्रतिशत है और लगातार बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत 85,000 तकनीशियनों, इंजीनियरों और अनुसंधान और विकास विशेषज्ञों की एक सेमीकंडक्टर कार्यबल तैयार कर रहा है। ह्लभारत अपने छात्रों और पेशेवरों को उद्योग के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैह्व, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की पहली बैठक को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कि फाउंडेशन भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को नई दिशा और ऊर्जा देने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने 1 लाख करोड़ रुपये के विशेष अनुसंधान फंड का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि इस प्रकार की पहल से सेमीकंडक्टर और विज्ञान क्षेत्र में नवाचार की संभावना बढ़ेगी।

उन्होंने सरकार के सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत के पास तीन-आयामी शक्ति है, अर्थात वर्तमान सुधारक सरकार, देश की बढ़ती निर्माण क्षमता और राष्ट्र का महत्वाकांक्षी बाजार जो तकनीकी प्रवृत्तियों से अवगत है।

## सीमा क्षेत्रों के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध -राजनाथ



**श्रीनगर-लेह**

राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा क्षेत्र के विकास के लिए, हमारी सरकार ने 220 किलो-वोल्ट श्रीनगर-लेह बिजली लाइन का संचालन किया है, जिसके कारण लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जुड़ गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा क्षेत्र विकास सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने सीमा सड़क संगठन के साथ मिलकर सीमावर्ती क्षेत्रों में साढ़े आठ हजार किलोमीटर से अधिक सड़कें बनाई हैं। इसके अलावा अगर मैं पुलों की बात करूं तो इन वर्षों में हमने लगभग चार सौ स्थायी पुलों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि अटल टनल हो या सेला टनल, या शिकू-ला टनल जो दुनिया की सबसे ऊंची टनल बनने जा रही है, ये सभी सीमा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा क्षेत्र के विकास के लिए, हमारी सरकार ने 220 किलो-वोल्ट श्रीनगर-लेह बिजली लाइन का संचालन किया है, जिसके कारण लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का एक नेटवर्क बनाकर, हम हमने न केवल इन संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित सैन्य तैनाती सुनिश्चित की है, बल्कि हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन सड़कों के माध्यम से, सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग देश की बाकी आबादी से आसानी से जुड़ सकें।

रक्षा मंत्री ने कहा कि 2020 से 2023 तक लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन 30% बढ़ गया है।

### क्या है मस्जिद विवाद जिसपर आक्रोशित हैं हिंदू संगठन

## शिमला में तोड़फोड़, लाठीचार्ज, पानी की बौछार...






### संजौली मस्जिद को लेकर क्या है पूरा विवाद?

**शिमला**

**शिमला** के संजौली इलाके में मस्जिद परिसर में अवैध निर्माण को लेकर बुधवार को हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने करीब 5:30 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस कर्मियों से झड़प भी हुई. प्रदर्शनकारियों ने मस्जिद की ओर मार्च करते हुए, 'हिमाचल ने ठाना है, देवभूमि को बचाना है' और 'भारत माता की जय' जैसे नारे लगाए. इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसे लोगों ने तोड़ दिया और आगे बढ़ने लगे. पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन चलाया और लाठीचार्ज किया.

**मस्जिद** का विस्तार करने के उद्देश्य से इसके परिसर में 2007 के बाद निर्माण कार्य शुरु हुआ था. साल 2010 में मस्जिद को अवैध बताते हुए इसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया. हालांकि, पिछले 14 वर्षों में मस्जिद पर चार नई मंजिलें जोड़ी गईं. नगर निगम द्वारा इस मामले की 44 बार सुनवाई की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला. पिछले महीने कुछ लोगों के एक समूह ने दावा किया कि उनकी जमीन पर मस्जिद का विस्तार किया जा रहा है और इसे लेकर दो समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हुई. इस विवाद के बाद यह पांच मंजिला मस्जिद स्थानीय और राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आई. गत 30 अगस्त को अल्पसंख्यक समुदाय के आधा दर्जन लोगों ने कथित तौर पर मल्याणा इलाके में व्यापारी यशपाल सिंह और कुछ अन्य पर रॉड और लाठियों से हमला किया,

जिसमें से चार घायल हो गए. व्यवसायी यशपाल सिंह कथित तौर पर शिमला के पास कसुम्पटी विधानसभा के मल्याणा के रहने वाले हैं. गुलनवाज (32), सारिक (20), सैफ अली (23), रोहित (23), रिहान (17) और समीर (17) और रिहान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पांच आरोपी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं, जबकि रिहान देहरादून का रहने वाला है.

यह मार्च शिमला के संजौली इलाके में स्थित एक मस्जिद में अतिरिक्त मंजिलों के कथित अवैध निर्माण के विरोध में बुलाया गया था. इस मुद्दे पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लोगों को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन उन्हें शांतिपूर्वक और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाए बिना अपना विरोध जाहिर करना चाहिए. सीएम सुक्खू ने यह भी कहा था कि संजौली मस्जिद में कथित अवैध निर्माण के मुद्दे की सुनवाई स्थानीय नगरपालिका अदालत कर रही है और कानून अपना काम करेगा. हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विवादित मस्जिद का मामला कोर्ट में है. अगर निर्माण अवैध पाया गया तो उसे ढाहाया जाएगा।

## क्या महाराष्ट्र में BJP गंवा देगी नंबर-1 की कुर्सी?



**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के कांग्रेस और बीजेपी दोनों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। 2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी लगातार दूसरी बार सबसे बड़ी बनभर उभरी थी। पार्टी ने 100 का आंकड़ा पार करते हुए 105 सीटें जीती थीं। दूसरे नंबर पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (56) रही थी। इसके बाद विपक्ष में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (54) तीसरे और कांग्रेस (44) सीटें जीतकर चौथे नंबर पर रही थी। बीजेपी ने लोकसभा चुनावों में 23 से 9 सीटों पर आने के बाद सबसे बड़ी पार्टी बनाए रखने को लेकर तैयारियों में जुटी है, लेकिन इस बीच राज्य में सामने आए ताजा सर्वे ने कहा है कि कांग्रेस नंबर-1 बनकर उभर सकती है। सर्वे में महायुति को 115 से 128 सीटों मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। महाविकास आघाडी को 141 से 154 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई है।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए

### शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और केरल की सड़कों को दी मंजूरी



**नई दिल्ली**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश की 152.44 कि.मी की 60 सड़कें, महाराष्ट्र की 745.286 कि.मी. की 117 सड़कें और केरल के 11 पुलों को स्वीकृति दी।

पीएम जनमन योजना के तहत मध्यप्रदेश में 113.58 करोड़ की लागत से 152.44 कि.मी की 60 सड़कों को दी स्वीकृति दी।

मध्यप्रदेश में अनुपपुर की 10 सड़कें, अशोक नगर की 5 सड़कें, बालाघाट की 4 सड़कें, छिंदवाड़ा की 8 सड़कें, गुना जिले की 4 सड़कों को स्वीकृत की गई।

ग्वालियर, जबलपुर, कटनी, मुरैना, श्योपुर जिले की एक-एक सड़क स्वीकृत हुई।

7 शिवपुरी, 5 सीधी, 6 उमरिया और 6 सड़कें विदिशा जिले की स्वीकृत की गईं।

महाराष्ट्र में पीएम ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 745.286 कि.मी. सड़क कार्य को मंजूरी दी गई।

महाराष्ट्र में 655.66 करोड़ की लागत से 117 सड़कों के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई।

केरल राज्य में पीएम ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत 55.28 करोड़ की लागत से 11 पुलों को स्वीकृति दी गई।

## राहुल गांधी के घर के बाहर BJP के सिख नेताओं का बवाल!




**नई दिल्ली**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सिखों को लेकर दिए बयान पर बवाल कम होने का नाम नहीं ले रहा. बुधवार (11 सितंबर, 2024) को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिल्ली बीजेपी के सिख प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उनके आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे. शाम चार बजे के आस-पास बीजेपी के लोग भारी संख्या में एकजुट होकर वहां नारेबाजी और हंगामा करने लगे थे. कुछ पदाधिकारी जोश में आकर दिल्ली पुलिस के बैरिकेड पर चढ़कर राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगा रहे थे.


बाद में दिल्ली पुलिस को हालात काबू करने के लिए बीजेपी के सिख नेताओं (आरपी सिंह भी) को हिरासत में लेना पड़ा. पुलिस की ओर से पकड़ने जाने के बाद बीजेपी के सिख नेता आरपी सिंह ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, "राहुल गांधी माफी मांगे।

### FASTag का खेल खत्म — आ गया सैटेलाइट टोल सिस्टम

## नितिन गडकरी का बड़ा फैसला!

**नई दिल्ली**

टोल प्लाजा पर पहले लंबी लाइनें तो आपने देखी ही होंगी। इसके बाद फास्टैग की एंट्री होती है और कारों की लंबी लाइनें भी कम हो जाती है। लेकिन अब एक ऐसा सिस्टम आ गया है जहां लाइन में लगने की जरूरत ही नहीं है। आपको बस कार सीधा लेकर जानी है और खुद ही आपके अकाउंट से पैसे कट जाएंगे। दरअसल इसे सैटेलाइट बेस्ड टोल सिस्टम का नाम दिया गया है। इसमें फास्टैग स्कैन करने की जरूरत नहीं होगी और सैटेलाइट की मदद




से कार की पहचान करके टोल कलेक्शन किया जाएगा।

अभी फास्टैग को खत्म नहीं किया जाएगा। शुरूआत में FASTag और सैटेलाइट सिस्टम दोनों मिलेंगे। लेकिन फिर धीरे-धीरे पूरा सिस्टम सैटेलाइट पर ही ट्रांसफर कर दिया जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से ये फैसला लिया गया है। मंत्रालय की तरफ से नेशनल हाईवे फीस नियम, 2008 को संशोधित कर दिया गया है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन को भी शामिल कर दिया गया है। ये फैसला सैटेलाइट टोल कलेक्शन सिस्टम को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**कैसे करेगा काम ?**

सैटेलाइट बेस्ड टोल कलेक्शन सिस्टम के लिए कार या अन्य किसी व्हीकल चालक को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। कार में लगे सिस्टम की मदद

### एनकाउंटर में ढेर किए जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी

## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू-कश्मीर** के उधमपुर में सुरक्षाबलों को बुधवार (11 सितंबर) को बड़ी कामयाबी मिली है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है. आतंकवादियों की तलाश के लिए सेना के विशेष बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया था. सूत्रों ने बताया कि फिलहाल ऑपरेशन जारी है.

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक ढेर किए गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के बताए हैं. दरअसल, सुरक्षाबलों को उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के 4 आतंकवादियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी जिसके बाद से ही इलाके को घेर



कर तलाश की जा रही थी. पुलिस ने बताया कि दोनों ओर से कई रांउड फायरिंग की गई.

**चुनाव में हिंसा की है कोशिश**

खुफिया जानकारी के मुताबिक, आतंकियों की कोशिश जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में हिंसा फैलाना है. इस संबंध में बीते दिनों ही हिंसा की छिटपुट घटानाएं भी देखने को मिली थीं. एक अधिकारी ने बताया, स्थानीय पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने बसंतगढ़ के खंडरा टॉप में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया.

**'सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू की'**

अधिकारी ने बताया, 'सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची, उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई.

' इससे पहले बुधवार को जम्मू जिले के अखनूर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया था।

## थानेदार एसओजी प्रभारी सहित 12 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश

### लूट के आरोपों से 1 वर्ष पहले हुई थी पुलिस मुठभेड़ इलाज में आरोपी की हुई मौत

**कौशाम्बी। चरवा** थाना क्षेत्र के समसपुर गांव के अनूप कुमार सोनी आभूषण कारोबारी से आठ सितंबर 2023 को लूट करने वाले आरोपित विजय कुमार सोनी के साथ मुठभेड़ करने वाले एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह चरवा थाना प्रभारी विनोद सिंह सहित सुनील कुमार यादव उप निरीक्षक अयोध्या प्रसाद उपनिरीक्षक रवि शंकर यादव उप निरीक्षक आशीष तिवारी कांस्टेबल अनिल यादव कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह कांस्टेबल रामजी पटेल कांस्टेबल शिवांग गौतम कांस्टेबल राधेश्याम कांस्टेबल रवि शंकर कांस्टेबल सहित 12 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश जिला न्यायालय प्रयागराज ने दिया है। मृतक विजय की मां अंजू देवी निवासी ग्राम हनुमानगंज, पैतहा थाना कोरांव की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आरोप लगाया गया था कि 10 सितंबर 2023 को चरवा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के साथ पुलिस दो गाड़ियों से आकर गाली देते हुए मेरे बड़े बेटे का प्रयागराज क्षेत्र से अपहरण कर हत्या करने की नीयत से घर से उठा ले गई फर्जी बरामदगी दिखाकर 12 सितंबर को विजय के कंधे में गोली मार दिया इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 21 सितंबर को विजय की मृत्यु हो गई। दाखिल अर्जी को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का निर्देश वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यदाई संस्था के लिए बना मजाक

● प्लांट निर्माण के नाम पर कार्यदाई संस्था कर रही है भारी नुकसान,सड़कें एवं पेयजल की पाइप लाइन तथा इंटरनेट केबल ध्वस्त, आक्रोशित ग्रामीणों तथा प्रधान ने रोका कार्य

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश के बावजूद भी पकरी सेवार गांव की ध्वस्त सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो सका। परिणाम स्वरूप गढ्ढा मुक्त सड़क का निर्माण न होने से ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। कार्यदाई संस्था की वादा खिलाफी से नाराज पकरी सेवार प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय बुधवार को दोपहर पहुंच निर्माण कार्य रोकवा दिया और कहा कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता कंपनी का कोई कर्मचारी निर्माण कार्य करता दिखाई न दे। प्रधान प्रतिनिधि के कहने पर काम पर रहे कर्मचारी आधा अधूरा काम कर लौट गए। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पकरी सेवार गांव के गंगा तट पर स्वामी पगलानंद आश्रम के पास लगभग 19 बीघे में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। गौरतलब है कि जब से यह कार्य शुरू हुआ पकरी सेवार गांव को जाने वाली सड़क पाइप बिछाने के नाम पर ध्वस्त कर दी गई है। इसके साथ साथ जल निगम से गांव को जाने वाली पाइप लाइन भी तोड़ डाली गई है। बता दें कि जल निगम की पाइप लाइन तोड़ दिए जाने से गांव को होने वाली पेयजल सप्लाई बाधित हो गई है। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि व ग्रामीणों का कहना हैं कि कार्यदाई संस्था ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण करने के नाम पर काफी नुकसान पहुंचा रखा है। इतना ही नहीं पकरी सेवार सहित विभिन्न गांवों को जाने वाली इंटरनेट केबल भी ध्वस्त कर दिया गया है। सड़कों व पटरियों को तोड़ कर करोड़ों का नुकसान पहुंचाया गया है। शायद ही ऐसा कोई गांव बचा होगा जहां पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़क को क्षति न पहुंचाई गई हो। विदित हो कि एक तरफ जहां सरकार सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सड़क से सबंधित इंजीनियरों की मनमानी से सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क के बीच उभरे असंख्य गड्ढों में फंस कर यात्री व स्कूली छात्र-छात्राएं गिर कर चोटहिल हो रहे हैं। वर्तमान समय में ऐसा हाल परानीपुर डोरवा सोंराव मार्ग का है।

## कार से जख्मी दिव्यांग ई रिक्शा चालक का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** मंगलवार को दिव्यांग ई रिक्शा चालक को कार ने टक्कर मार दी तथा एक अन्य जख्मी हो गया था।जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय बादशाह कुली छोटी मदारी निवासी राज कुमार 47 वर्ष पुत्र रमाशंकर तिवारी जन्मजात से दोनों पैरों से दिव्यांग है।वह अविवाहित था। बताया गया है कि मंगलवार को शाम के समय राज कुमार ई रिक्शे पर गांव के आकाश तिवारी को बैठा कर घर जा रहा था। बताया गया है कि ग्राम मोहम्मदपुर सराय अली में सामने से आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे राज कुमार और ई रिक्शा पर बैठे आकाश तिवारी जख्मी हो गए थे।जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को शाम के समय दिव्यांग राज कुमार की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


# पति पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान घर में मचा कोहराम



**मेजा।** पति-पत्नी के आपसी विवाद के चलते पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर परिवार में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेजा थाना क्षेत्र के उरुवा गांव निवासी पवन यादव चाऊमीन का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। सूत्रों की माने तो पिछले कई दिनों से पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बीती रात उसकी पत्नी सोनी यादव ने रस्सी के सहारे पंखे से फांसी लगाकर जान दे दिया। सूचना होने पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। सुबह कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गौरतलब है कि मृतका सोनी यादव के दो बच्चे छह वर्षीय अर्जुन एवं एक वर्षीय आर्यन के साथ साथ अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# डायरिया से कुशल श्रमिक लालता प्रसाद कोल की हुई मौत

### एक और वृद्ध महिला की ही चुकी है मौत, अधीक्षक सीएचसी कोरांव ने तुरंत भेजी अल्हवा गांव में हेल्थ टीम



**कोरांव।** डायरिया का प्रकोप अपना दायरा बढ़ाने लगी है ,ग्राम अल्हवा में भी डायरिया का प्रकोप पहुंचा जिससे एक महराजिया कोल वृद्धा गत दिवस तो बुधवार को कुशल श्रमिक लालता प्रसाद कोल पुत्र अदालत 60 वर्ष की मौत हो गई। जिससे ग्राम में शोक व्याप्त हो गया। ग्राम की आशा बहू श्रीमती बिट्टू बेबी उर्फ साजिदा बेगम ने अधीक्षक कोरांव को सूचित किया,अधीक्षक ने तुरंत स्वास्थ्य टीम गांव में भेज दिया जिससे लोगों को दवाएं दी गई और संक्रमण से बचने के लिए सुझाव दिए गए। और निरंतर देख भाल गांव की करते रहने का अश्वासन दिया। डाक्टर सुरेश कुमार मेडिकल अफसर ने चिकित्सा दल के साथ गांव में विजिट किया। ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने मृतकों के परिजनों को ढाढस बंधाते हुए अफसोश जताया। तथा समुचित सहयोग का आश्वासन दिया।

## सास को बचाने के चक्कर में बहु को लगा करेंट सास की हुई मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के ओठगी गाँव में (मृतक) ललिता देवी 45 पति लाल जी सुबह सास कच्ची जमीन को गोबर से लिपाई कर रही थी तभी अचनक लाईट आ गई और फरहटा में जमीन में अर्थ पकड़ ली जिसकी वजह से लालती देवी को करेंट लग गई मौके पर बहु बचाने के लिए गई और उसे भी करंट के चपेट में आ गई और घायल हो गई लालती देवी को अस्पताल ले जया गया रास्ते में दम तोड़ दी।लालती देवी की एक पुत्र था श्री कांत पाल जिसकी शादी छा माह पहले हुई है और उसकी पत्नी भी अपने सास को बचाने के चक्कर में करेंट में झुलस गई उसका भी इलाज चल रहा है हालत ठीक बताया जा रहा है

## बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर नाजुक

**मऊआइमा।** साइकिल से पुत्री के यहां जा रहे व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर हो गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुलेमपुर उर्फ कमईपुर निवासी विजय कुमार पुत्र अमृत लाल का कहना है कि उनके पिता अमृत लाल साइकिल से अपनी पुत्री ज्ञानमती के यहां ग्राम टिकरी जा रहे थे। हरिसेनगंज बाजार के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# विद्यालय से घर जा रही छात्रा को कमरे के अंदर खींचने की कोशिश, हंगामा

**ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के सामने जमकर पीटा , पुलिस ने आधा दर्जन युवकों को पकड़ा**





**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के खटंगिया गांव स्थित कैलाश धाम मंदिर के सामने स्थित एक घर में रहने वाला एक युवक स्कूल से घर लौट रही छात्रा से छेड़खानी के बाद दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तथा पुलिस के सामने आरोपी युवक को जमकर मारा पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक के साथ ही हंगामा कर रहे कुछ युवकों को पड़कर थाने ले गई।

बताते चलें कि बुधवार देर शाम लगभग 5:00 बजे अतरैला गांव की एक छात्रा को खटंगिया गांव स्थित कैलाश धाम मंदिर के सामने स्थित एक घर के अंदर से युवक निकला तथा छात्रा का हाथ पकड़ कर घर के अंदर खींचने का प्रयास करने लगा। छात्रा अपने को बचाने के लिए चीखने चिल्लाने लगी। इतने में जसरा की ओर से घर जा रहा मोटरसाइकिल सवार एक युवक भी मौके पर पहुंच गया। मोटरसाइकिल सवार ने छात्रा को आरोपी के चंगुल से छुड़ाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर गांव ले गया तथा घटना की जानकारी छात्रा के स्वजनों को दे दी। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी मिली तो दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर घूरपुर पुलिस के आधा दर्जन जवान भी मौके पर पहुंच गए। आरोपी ने घर के अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। पुलिस ने किसी तरह से घर का दरवाजा खुलवा दिया। इतने में पीड़ित छात्रा भी मौके पर पहुंच गई। उसके हाथ में डंडा था।दरवाजा खुलते ही ग्रामीणों की भीड़ घर के अंदर घुस गई तथा मारपीट करने लगी । मारते-पीटते उसे घर के बाहर ले आए। पुलिस के आधा दर्जन जवान उसको बचाने में ना कामयाब साबित हुए। पुलिस के सामने ग्रामीणों ने उसे मारकर अधमरा कर दिया। इतने में थाना प्रभारी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद मारपीट कर रहे ग्रामीण भागने लगे। पुलिस लगभग आधा दर्जन ग्रामीण व आरोपी युवक को पकड़ कर थाने ले गई। मारपीट के क्रम में आरोपी युवक को बचाने के प्रयास में घूरपुर थाने के कई सिपाही घायल हो गए। थाना प्रभारी केशव वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की भीड़ बेकाबू हो गई थी। तथा आरोपी युवक को मारपीट रही थी। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों को आरोपी को सजा देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी । साथ ही आरोपी युवक के विरुद्ध भी संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी युवक को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष से कोई भी तहरीर पुलिस को प्राप्त नहीं हुई थी।

# लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

● पीड़ित मानवता की सेवा ही लायंस का धर्म लायन, डॉ जगदीश गुलाटी




**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर के होटल यश पदम में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल का सत्र 2024 25 का अधिष्ठापन समारोह संपन्न हुआ जिसका उद्घाटन आदरणीय पीएमजेएफ लायन जगदीश गुलाटी ने दीप प्रजनन के साथ किया और और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। गुलाटी ने अपने उद्बोधन में कहा पीड़ित मानवता की सेवा ही लायंस का धर्म है।आए हुए सभी अतिथियों को मंचासीन कराने के बाद उनका माला एवं अंग वस्त्रम के द्वारा सम्मान किया गया। इस वर्ष जुड़े नए सदस्यों का इंस्टॉलेशन उप मंडल अध्यक्ष 1 लायन डॉ अर्पण घर दुबे द्वारा कराया गया। इस वर्ष सर्वसम्मति से लायन संत कुमार वर्मा को अध्यक्ष, लायन रवि भूषण गुप्ता को सचिव एवं डॉ संतोष कुमार यादव को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। तीनों लोगों को क्लब को सुचारु रूप से चलाने, लायनवाद के सिद्धांतों का पालन और सेवा कार्य करने के लिए शपथ दिलाई। तत्पश्चात तीन ऑन नवनिर्वाचित पी यस टी को अंगवस्त्र एवं माला के द्वारा मुख्य अतिथि एवं गवर्नर पीएमजेएफ बलबीर सिंह बग्गा द्वारा सम्मानित किया और क्लब के द्वारा किए जा रहे हैं सेवा कार्यों की सराहना की। बीच में राधा और कृष्ण के नृत्य ने सभी उपस्थित सदस्यों का मन मोहा।पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ रमेश चंद्रा ने अपने कार्यकाल में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा करते हुए अपना पदभार लायन इ संत कुमार वर्मा जी को सौंपा और कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का वचन दिया। सभी अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सभी लोगों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया और लायन इं रवि भूषण गुप्ता जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान समारोह में मुख्य रूप से उपमंडल अध्यक्ष 2 लायन उदय चंदानी का सौरभ कांत सुधीर भल्ला रीजन चेयरपर्सन वा जोन चेयरपर्सन रोहित जायसवाल एवं नीरज अग्रवाल उमेश कक्कड़ सतीश टंडन अनिल जायसवाल लाला भैया सहित सभा क्लब के सदस्य सुनील कुमार, रवि भूषण गुप्ता, डॉ सूर्यनाथ प्रजापति, श्याम बिहारी गुप्ता, डॉ दीपक सोनी, राजेश निषाद विनोद, सोनालिका, सरिता पटेल, अल्पना वर्मा, सुधा गुप्ता, कविता वर्मा, सविता, सुचित्रा, सरिता राज, अंजली यादव शाहिद क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल हुए दूसरे संविदा कर्मी की भी हुई मौत

अखंड भारत संदेश


### संविदाकर्मी पंकज केसरवानी की घटनास्थल पर ही हो गई थी मौत



**बारा।** सोमवार की देर रात शंकरगढ़ (यमुनानगर) थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे संविदाकर्मी की भी मौत हो गई। इलाज के लिए उसे एसआरएन में भर्ती करवाया गया था, जहां बुधवार की सुबह उसने अंतिम सांस ली। यह हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बघला रोड, वैसा गांव के पास सोमवार को देर रात हुआ था। जानकारी के मुताबिक बिजली विभाग में कार्यरत दो संविदाकर्मी किसी कार्य से बाइक लेकर जा रहे थे। इसी दौरान बघला रोड पर बाइक सवार ट्रैक्टर से टकरा गए। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से संविदा कर्मी (बारा पॉवर हाउस) पंकज केसरवानी (32) पुत्र गोविंद केसरवानी की उसी समय मौत हो गई थी। जबकि साथ रहा शंकरगढ़ पावर हाउस का संविदा कर्मी केशव भारतीय (45) गंभीर रूप से घायल हो गया था। लालापुर थाना क्षेत्र के बघला निवासी केशव भारतीया को शुरूआत में स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालत गंभीर होने के मद्देनजर केशव भारतीय को रेफर करदिया गया था। इसके बाद उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां आज सुबह इलाज के दौरान केशव की भी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को चीरघर भेजा।

## न्यूज झरोखा

### लोक कवि राम लोचन सांवरिया को श्रद्धांजलि



**जसरा।** लोक कवि राम लोचन सांवरिया निः संदेह लोगों के मन में रचे बसे कवि थे। उन्होंने गाँव की माटी की एक - एक चीज को अपनी रचनाओं में स्थान दिया। उक्त बातें साहित्य संवर्धन संस्थान के अध्यक्ष विज्ञान भूषण विजय चितौरी ने श्री सांवरिया को श्रद्धांजलि देते हुए कही। वरिष्ठ कवि लखन प्रतापगढ़ी ने उनके निधन को साहित्य जगत की अपूर्णनीय क्षति बताया। कवि डा. अमर नाथ सिंह, के के शुक्ल,राम निहोर पाल,सुरेन्द्र कुमार केसरवानी, बेचन लाल विनोदी, राजेन्द्र पटेल, शंकर लाल मजूर, दिनेश प्रजापति, फूल चंद्र पटेल, राम धीरज, ज्योति भाई,पत्रकार कमलाकर सिंह, ज्ञानेन्द्र पाठक,आनंद कुमार, पीके तिवारी, अनूप जायसवाल आदि ने उनके निधन पर शोक ब्यक्त किया है।

### पत्रकार के माता के निधन पर पत्रकारों ने की शोक सभा



**जसरा।** बुधवार को पंचायत भवन बारा के सभागार में प्रयागराजपत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के सदस्यों द्वारा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पी सी पांडेय की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में संगठन के सदस्य मयंक त्रिपाठी की माता जी के निधन दो मिनट मौन रहकर मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर कमलाकर सिंह,सुभाष शुक्ल,नीरज केशरवानी, राकेश कुशवाहा, मदन द्विवेदी चटकहना,माजिद अहमद,शिवकांत तिवारी, राहुल यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल सवार के साथ प्रसव के लिए जा रही गर्भवती महिला को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर




**जसरा।** विकास खंड जसरा के एक गांव निवासी गर्भवती महिला स्वजनों संग मोटर साइकिल से प्रसव के लिए जसरा के एक अस्पताल में जा रही थी। एक चार पहिया वाहन ने ओवरटेक के दौरान मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गर्भवती महिला सहित मोटरसाइकिल सवार सड़क पर जा गिरे। गर्भवती महिला को गंभीर चोटे आई है। कौंधियारा के निरौधा गांव निवासी सोनू देवी गुप्ता 27 वर्ष पत्नी सोनू कुमार गुप्ता बुधवार को जब घर में प्रसव पीड़ा होने लगी तो पति सोनू गुप्ता व घर की एक अन्य महिला के साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर जसरा के अस्पताल ले आ रहे थे ।जसरा सब्जी मंडी के पास एक चार पहिया वाहन मोटरसाइकिल को ओवरटेक करने के दौरान बगल से टक्कर मार दिया। जिससे गर्भवती महिला सहित तीनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर जा गिरे। सोनू देवी को गंभीर चोटे आई है तथा साथ में बैठी एक अन्य महिला को भी चोटे आई। लखनऊ निवासी बोलेरो चालक रामचंद्र सिंह को लोगों ने पकड़ लिया। तथा घायलों को उसी बोलेरो से जसरा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया ।जहां गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टर ने शहर के लिए रेफर कर दिया। वहीं साथ में बैठी एक अन्य महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# जांच टीम को देख झोलाछाप डाक्टरों ने गिराया शटर, दो को थमाई नोटिस



**शंकरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ में झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर चेकिंग की गई। सीएचसी अधीक्षक शंकरगढ़ डा. अभिषेक सिंह की अगुवाई में जांच टीम ने क्षेत्र के नौढ़िया उपरहार और बसहरा उपहरा में कई क्लीनिक की जांच की। इलाके में स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम के आने की सूचना लगते ही ज्यादातर झोलाछाप डाक्टरों ने अपनी दुकान में ताला लगा दिया और चंपत हो गए। अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि दो क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर समस्त अभिलेखों के साथ मुख्यालय पर हाजिर होने के लिए निर्देशित किया गया है। जांच के दौरान इन क्लीनिक पर भारी अनियमितता पाई गई। साफ-सफाई का कोई इंतजाम नहीं दिखा। ओपीडी के नाम पर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। एक क्लीनिक पर बाकायदा पेट के रोगी को ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई जा रही थी। अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने क्षेत्र में फर्जी क्लीनिक चलाने वालों को सख्त चेतावनी दी है कि वह अपनी हरकतों से बाज आएं। जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा। बताते चलें कि सीएमओ के निर्देश पर गठित टीम के द्वारा लगातार छापामार अभियान जारी है। एक दिन पहलेही एसीएमओ की अगुवाई वाली जांच टीम ने गंगापार के सैदाबाद क्षेत्र में दो क्लीनिक पर ताला लगाया था।

## रोस्टिंग ना होने से कई गांवो की सिंचाई बाधित

**कोरांव।** कोराव तहसील के लखनपुर पंप कैनाल में रोस्टिंग ना होने की वजह से कई गांवो की फसल की सिंचाई बाधित है जिससे ग्रामीणों में संबंधित विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के लखनपुर पंप कैनाल से दर्जनों गांवो की सिंचाई होती है परंतु रोस्टिंग ना होने की वजह से कई गांव की सिंचाई बाधित है जिसके चलते किसानो की फसल सूख रही है, पिछले वर्ष सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, बुधवार को अमिलिया पाल माइनर वह बृहस्पतिवार, शुक्रवार , शनिवार,रविवार को लौआकोन माइनर, मे पानी छोड़ा जाता था इस वर्ष रोस्टिंग ना होने से अमिलिया पाल माइनर में टेल तक पानी नही पहुंच पाने के कारण किसानों में हाहाकार मचा हुआ है जिसमें अमिलिया पाल, गाढ़ा, जमुआ, बास, हरदिहा, बरौहा, तिवारीपुर, लौवाकोंन, कालूपुर, गांव की सिंचाई मुख्य रूप से बाधित है इस संबंध में जेई से दूरभाष से संपर्क किया गया तो उनका नंबर स्विच ऑफ मिला किसानों में मुख्य रूप से सर्वेश पांडे, रामेश्वर पांडे, बालकृष्ण तिवारी ,रमाशंकर शुक्ल ,परमेश्वर पांडे, रमाशंकर सिंह ,लालता प्रधान ,राजित राम, रोहणी प्रसाद ,आदि किसानों ने इस समस्या की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निदान की मांग की है।

# ओम सहाय श्रीवास्तव का सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा सिरसा छतवाँ रोड़ श्री के एस चौधरी कन्या इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबन्धक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के लड़के ओम सहाय श्रीवास्तव का बिहार,पटना सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला मेजा तहसील सिरसा के होनहार छात्र ओम सहाय श्रीवास्तव ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से ठएएळ परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिला प्राप्त किया। ओम सहाय की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया और पूरे जनपद वासियों का नाम रोशन किया। ओम सहाय के पिता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और माता पूजा श्रीवास्तव, जो कि सिरसा स्थित श्री के एस चौधरी कन्या इंटर कॉलेज के संस्थापक हैं। हमेशा शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया है। शिक्षा के प्रति अपने माता-पिता के समर्पण से प्रेरित होकर ओम सहाय ने भी अपनी पढ़ाई में कड़ी मेहनत और अनुशासन को प्रमुखता दी। इस सफलता का जश्न मनाते हुए, ओम सहाय ने इसे अपने माता-पिता और शिक्षकों को समर्पित किया और कहा, ऱमेरा यह सपना उनकी मेहनत और आशीर्वाद से ही साकार हुआ है।ऱ सिरसा और मेजा तहसील के लोग ओम सहाय की इस सफलता से गर्वित हैं और उन्हें क्षेत्र का गौरव मानते हैं। ओम की यह कहानी अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

# मुक्त विश्वविद्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पढ़ाया जाएगा बाल मनोविज्ञान : राज्यपाल

**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को अब बाल मनोविज्ञान पढ़ाया जाएगा राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय को यह जिम्मेदारी सौंपी है। बुधवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने यह बातें कहीं उन्होंने कहा कि जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के मनोविज्ञान को समझ सकेगी तभी बच्चों का सही दिशा में मानसिक एवं सामाजिक विकास होगा उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम को निर्देश दिए इस बाबत एक माह में रिपोर्ट तैयार कर राज भवन को उपलब्ध कराये इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं के साथ बैठक कर विचार विमर्श भी करें राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में एक लाख 82 हजार आंगनबाड़ी केंद्र है इससे 3 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई है दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल ने मेधावियों को 26 स्वर्ण पदक और 31940 शिक्षार्थियों को उपाधि वितरित की उपाधि पाने वाले में और 19096 पुरुष और 12844 महिलाएं हैं।




## माफिया अतीक के बेटे अली पर लगेगा गैंगस्टर

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद बेटी अली पर जल्द ही गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई होगी। नैनी जेल में बंद अली के साथ ही 10 अन्य पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी है। करेली पुलिस ने ने गैंग चार्ट तैयार कर पुलिस कमिश्नर को रिपोर्ट भेजी है। माना जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर की अंतिम मुहर लगते ही अतीक का दूसरे नंबर का बेटा अली पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई शुरू हो जाएगी।2021 में माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद, मो.असाद कालिया, आरिफ उर्फ कछौली, संजय सिंह, इमरान उर्फ गुड्डू, सैफ उर्फ मामा, अमन, कुल्लू अतीक अहमद खलेरा भाई , अली अब्बा समेत 15 अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। आरोप था कि पांच करोड़ की रंगदारी मांगी गई। जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था। यह मुकदमा माफिया अतीक अहमद के रिश्तेदार जीशान उर्फ जानू निवासी चकिया ने दर्ज कराया था। जिशान ने आरोप लगाया था कि अतीक के बेटे अली ने कनपटी पर पिस्टल लगाकर अब्बा यानि अतीक से बात कराई थी। इसी मामले को आधार बनाकर पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार किया है।

# पुलिस ने शातिर मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** यमुनानगर में पुलिस ने 11 सितंबर को इंडस्ट्रियल एरिया के समीप उडऊ मोड के पास एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 18 नए एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 13,50,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दिल्ली की एक कंपनी से मोबाइल चोरी करके भागा था। आइए जानते हैं इस घटना से जुड़ी पूरी जानकारी।

**पूछताछ में बताई मोबाइल चोरी की कहानी :**

पुलिस ने बुधवार दोपहर उडऊ मोड़ के समीप बरामार गांव के सामने से संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम इजहार हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन निवासी खानपुर, मेजा, प्रयागराज बताया। तलाशी के दौरान उसके पास 18 नए एंड्रॉयड फोन, फ्लेफ 50 मोटरोला कंपनी के बरामद किए गए।

**दिल्ली की कंपनी से मोबाइल चोरी कर प्रयागराज भागा चोर :**



इजहार हुसैन ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली की एक रिले कंपनी में माल डिलीवरी का काम करता था। 3 सितंबर को उसने गाड़ी से 20 नए मोबाइल चोरी कर लिए और ट्रेन पकड़कर प्रयागराज चला आया। ट्रेन में ही उसके बैग से दो मोबाइल चोरी हो गए।

**कर्ज उतारने के लिए चुराए मोबाइल :**

इजहार ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उस पर बहुत कर्ज था जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। कर्ज से परेशान होकर उसने मोबाइल चुराए थे और उन्हें बेचकर कर्ज चुकाने की फिराक में था, लेकिन इससे पहले ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।


**13.5 लाख रुपए की चोरी के माल की बरामदगी :**

थानाध्यक्ष इंडस्ट्रियल एरिया महेश मिश्रा के अनुसार, बरामद किए गए एंड्राइड मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 13,50,000 रुपए है। इस सफलता में गिरफ्तारी टीम के सदस्यों सबइंस्पेक्टर अमित गुप्ता, रकबब्बन राम, कांस्टेबल पंचदेव यादव, बालकिशन यादव और विकास कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नैनी में सदस्यता अभियान में महापौर का किया गया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज के जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में सदस्यता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। किसान मोर्चा नैनी मंडल के कार्यकताओं ने महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी का स्वागत एवं अभिनंदन किया संजय श्रीवास्तव ने कहा महापौर ने विशेष तौर से प्रयागराज के विकास के लिए जो अपना समय एवं विकास के लिए कार्य किया है उसके लिए किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी बधाई देता है एवं सदस्यता अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा नैनी मंडल के अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण समारोह कराया गया जिसमें दो सौ सदस्य महापौर के नेतृत्व में किसान मोर्चा ने बनाया।



## शुआट्स की छात्रा को आईसीएआर जेआरएफ राष्ट्रीय रैकिंग में मिला 10वां स्थान

**नैनी।** शुआट्स की छात्रा निधि पाण्डेय ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली द्वारा आयोजित जेआरएफ परीक्षा में राष्ट्रीय रैकिंग में 10वां स्थान पाकर शुआट्स के साथ-साथ प्रदेश का गौरव बढ़ाया। जीपीबी विभागाध्यक्ष डा. वैदुर्य प्रताप शाही ने बताया कि आईसीएआर द्वारा पीएचडी प्रवेश हेतु अखिल भारतीय स्तर पर जेआरएफ परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें शुआट्स छात्रा निधि पाण्डेय ने 10वां स्थान प्राप्त किया वहीं आसी वैष्णवी ने राष्ट्रीय स्तर पर 21वां स्थान और किरन एम. ने 71वां स्थान प्राप्त किया। डा. शाही ने बताया कि उ.प्र. संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा में भी शुआट्स छात्रों ने परचम लहराया है जिसमें माधवेन्द्र कुमार पाठक ने राज्य में प्रथम स्थान, यगवेन्द्र सौभारी ने द्वितीय स्थान, टीपू पटेल ने तीसरा स्थान, सृजल साहू ने पांचवां स्थान, नितेश कुमार सिंह ने छठा स्थान, हरिवेन्द्र ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। सभी बच्चों का चयन पीएचडी सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी विषय के लिये हुआ है। कुलपति प्रो.डा. राजेन्द्र बी. लाल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने फेकल्टी सदस्यों के योगदान की भी सराहना की।

# नगर निगम जोन 5 नैनी के पार्षद कक्ष का लोकार्पण महापौर द्वारा किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी बुधवार को नगर निगम जोन 5 नैनी के पार्षद कक्ष का लोकार्पण प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी द्वारा किया गया, इस मौके पर महापौर द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा आगामी 2025 महाकुंभ के जमुना पार नैनी के विकास कार्यों को संक्षिप्त में बताया गया, तथा महाकुंभ के दौरान अरैल घाटो का सुंदरीकरण बहुत ही भव्य तरीके से किए जाने के बारे में बताया, तथा नैनी जोन 5 के नव निर्वाचित कक्ष समिति अध्यक्ष रणविजय सिंह डब्बू एडवोकेट ने सभी पार्षदों की तरफ से पार्षद कक्ष बनने के लिए महापौर को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई दिया, रणविजय सिंह द्वारा जमुना किनारे 80 एम एल डी व 42 एम एल डी का एस टी पी का पानी बिना शोधित किये जमुना जी में गिराए जाने पर तथा जमुना पार नैनी आगामी दुर्गा पूजा विसर्जन के लिए तालाब बनाए जाने के लिए भी महापौर को अवगत कराया तथा नगर निगम द्वारा जिला अस्पताल ईचार्जिंग माधोपुर जहांगीराबाद बस अड्डा के पीछे बनाने का प्रस्ताव तथा महाकुंभ के बाद शवदाग्रह बनाने की प्रस्ताव के लिए भी धन्यवाद दिया भारतीय जनता पार्टी के सरकार में महापौर द्वारा लगातार रोड, नाली, खडंजा, सीवर, आदि बनाए जाने के लिए सभी पार्षदों द्वारा महापौर को धन्यवाद दिया गया इस मौके पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा द्वारा भाजपा में सदस्यता लेने के लिए लोगों से अपील किया गया, इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नरसिंह ने किया तथा अध्यक्षता संत प्रसाद पांडे वरिष्ठ भाजपा नेता ने किया इस मौके पर ज्ञानेश्वर शुक्ल, दिलीप केसरवानी, पार्षद मयंक यादव, प्रदीप महरा, राकेश जयसवाल, पवन यादव, बलराज पटेल, संजय पासी, मुन्ना प्रधान, मंचू सिंह, प्रेम शंकर सिंह, शिवनारायण घुन्नू, सियाराम मौर्य, डॉ रमेश भारती रविंद्र त्रिपाठी जोनल, रवि मिश्रा, संजय केसरवानी, आदि पार्षद गण उपस्थित रहे।




# मतदान स्थलों की सूचियों के सन्दर्भ में आपत्ति या सुझाव 13 सितम्बर तक करायें उपलब्ध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार जनपद की समस्त 12 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विद्यमान मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन एवं 1500 से कम मतदाता वाले मतदान स्थलों में सम्भाजन के पश्चात अनुलग्नक-2 पर आलेख्य मतदान स्थलों की सूचियां सर्वधारण की जानकारी हेतु एत्दद्वारा समस्त रिटर्निंग आफिसर्स के कार्यालयों (तहसील), जिला निर्वाचन कार्यालय डीईओ पोर्टल सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, मा0 सांसद/विधान सभा सदस्यों के संज्ञान हेतु उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रकाशित आलेख्य मतदान स्थलों की सूचियों के सन्दर्भ में यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वह विलम्बतम दिनांक 13.09.2024 तक सम्बंधित क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के कार्यालयों (तहसील) अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करायें।

# नगर आयुक्त द्वारा कुम्भ मेला के कार्यों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा बुधवार को आगामी कुम्भ मेला 2025 के दृष्टिगत शहर के विभिन्न स्थलों पर हो रहे निर्माण कार्यों तथा नगर की सफाई व्यवस्था के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य अभियन्ता निर्माण तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत के अतिरिक्त अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता अवर अभियन्ता टी०पी०आई० की टीम तथा सम्बन्धित फर्म के ठेकेदार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर आयुक्त प्रयागराज द्वारा सर्वप्रथम आगामी कुम्भ मेला 2025 अन्तर्गत क्रय किये गये मोबाईल टॉयलेय, पिंक टॉयलेट तथा यूरिनल इत्यादि का निरीक्षण किया गया इस दौरान मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया कि एक बार पुनः चेक कर लें साथ ही 20 आस्थाई नये यूरिनल मंगवा लें। इसके साथ ही नीम सरायं दो कार्य एवं ट्रान्सपोर्ट नगर में कुम्भ मेला 2025 के अन्तर्गत हो रहे निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान फर्म द्वारा निर्माण कराये जा रहे नालियों में लगे ईटों के बीच में मसाला कम पाया गया साथ ही मटेरियल की क्वालिटी भी सही नही पायी गयी। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया कि टी०पी०आई० की टीम के साथ, निर्माण करा रही फर्म के सभी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अधिशाषी अभियन्ता को चेतावनी पत्र जारी करने के साथ ही फर्म पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये गये, नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित फर्म को भी मैनपावर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिये गये। नगर आयुक्त द्वारा निर्माणा धीन एम०आर०एफ० सेन्टर सदर बजार का निरीक्षण किया गया इस दौरान पोल का फाउन्डेशन मानक के अनुरूप नही पाया गया। नगर आयुक्त ने टी०पी०आई० को निर्देशित किया कि स्थलीय निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें साथ ही मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि एम०आर०एफ० सेन्टर के बगल वाली रोड का निर्माण कराया जाए।नगर आयुक्त द्वारा बक्शीबाँध वेन्डिंग जोन, बाद्यम्बरी रोड पर कुम्भ के कार्य, यमुना बैंक रोड जोन 4 कालीघाट पर सैन्द्रीयकरण कार्य, ए०डी०ए० से मवैया नैनी में कुम्भ मेला 2025 द्वारा स्ट्रीट लाइट एवं पोल का निरीक्षण किया गया इस दौरान कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये। बाद्यम्बरी रोड पर रोड नाली, सड़क व रोड पटरी के निर्माण के दौरान रोड पटरी पर इण्टर लॉकिंग ऊपर-नीचे पायी गयी, जिसपर अवर अभियन्ता को पुनः रोड पटरी उखडवा कर बिछवाने के निर्देश दिये गये।



# प्रमुख स्नान पर्वों पर फतेहपुर तक चलेगी झांसी-प्रयागराज एक्सप्रेस, रेलवे ने लिए ये बड़े निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाकुंभ को लेकर रेलवे ने जहां प्रयागराज एक्सप्रेस को सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर शिफ्ट करने का निर्णय लिया है, वहीं जंक्शन और छिवकी से चलने वाली ट्रेनों को भी दूसरे स्टेशनों पर शिफ्ट किया जा रहा है। महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्वों पर वीरांगना लक्ष्मीबाई जाने वाली झांसी एक्सप्रेस का अंतिम पड़ाव प्रयागराज जंक्शन की जगह फतेहपुर रहेगा।रेलवे ने महाकुंभ के दौरान 12 से 16 जनवरी, 28 जनवरी से पांच फरवरी, 11 से 14 फरवरी और 25 से 28 फरवरी तक प्रयागराज जंक्शन और छिवकी से चलने वाली ट्रेनों को विस्तार देने का निर्णय लिया है। इस अवधि में ट्रेन संख्या 11801/11802 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-प्रयागराज एक्सप्रेस फतेहपुर तक संचालित होगी।ट्रेन संख्या 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी का अंतिम ठहराव चुनार रेलवे स्टेशन होगा। 03333/03334 और 04193/04194 पंडित दीन दयाल उपाध्याय-सूबेदारगंज का संचालन फतेहपुर तक होगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 04181/04182 कानपुर सेंट्रल-सूबेदारगंज का संचालन चुनार तक और 04129/04130 कानपुर सेंट्रल-फतेहपुर मेमू का संचालन उक्त अवधि में प्रयागराज जंक्शन तक होगा। 04103/04104 कानपुर सेंट्रल-फंफूद भी प्रयागराज तक चलेगी, जबकि 04159/04160 कानपुर सेंट्रल-इटावा मेमू का आगमन-प्रस्थान फतेहपुर तक होगा।

# महापौर ने दाधिकान्दों मेला राजापुर का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर प्रयागराज द्वारा दाधिकान्दों मेला राजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पार्षद भास्कर,भोला तिवारी, मेला समिति के पदाधिकारी, जिलाधिकारी जोनल अधिकारी नवनीत संखवार ,डा0 महेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी,सतीश कुमार मुख्य अभियन्ता सिविल, संजय कटियार मुख्य अभियन्ता विद्युत, कुमार गौरव महाप्रबन्धक जलकल अनिल कुमार मौर्या नगर अभियन्ता, डी0पी0सिंह सफाई निरीक्षक आदि उपस्थित रहे। राजापुर मेला प्रारम्भ स्थल नाला चोक पाया गया। गंगा मेमोरियल के पास सीवर बह रहा पाया गया उक्त सीवर गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई का बताया गया। मिन्टो रोड से रानी रेवती देवी तक तथा एन0के0मुखर्जी मार्ग पर जगह जगह गडढे पाये गये तथा सम्पूर्ण मेला मार्ग में पटरी क्षतिग्रस्त तथा नीची पायी गयी। सम्पूर्ण मेला मार्ग पर कतिपय स्थानों पर विधुत के बिन्दु बुझे पाये गये। मेला प्रारम्भ स्थल पर स्थित राधा कृष्ण हनुमान मंदिर के सामने विधुत बिन्दु बन्द पाया गया। सम्पूर्ण मेला मार्ग पर दोनों तरफ अतिक्रमण पाया गया। स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान स्थित सब्जी मंडी को कब्रिस्तान के पास शिफ्ट कर दिया जाय वहाँ पर नर्सरी मालिको द्वारा काफी अतिक्रमण कर रखा गया है जिससे आवागमन बाधित रहता है। जैन सप्ताह होने के बावजूद मांस मछली की दुकान खुली पायी गयी। विधुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि मेले के दौरान विधुत व पेयजल की व्यवस्था निर्वाध रूप से चालू रखी जाय जिससे किसी प्रकार का व्यवधान न हो। महापौर जी द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पूर्व वर्षो की भॉति मेले से पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय जैसे मुख्य मार्ग व लिंग मार्ग पर पैच वर्क,समुचित सफाई,चूने का छिड़काव, फागिंग,मार्ग प्रकाश/अस्थाई प्रकाश व्यवस्था,शुद्व पेयजल की आपूति टैंकर, मोबाईल टायलेट,टूटे सीवर के ढक्कनों के बदलने का कार्य,लीकेज को ठीक करने की व्यवस्था, आवारा पशुओं की रोक थाम,अतिक्रमण हटाने का कार्य आदि। उक्त में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।




## पति की दूसरी शादी का पता चलने पर विवाहिता को मारा पीटा गया

**पुलिस आयुक्त के आदेश पर ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** शादी के दिन पत्नी को पता चला कि उसके पति पूर्व में शादी किए हैं। विरोध पर उसे मारा पीटा गया जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी नीलम मिश्रा पुत्री राम अजोर मिश्रा का कहना है कि उसकी शादी 27 जून 2023को प्रतापगढ़ के देल्हूपुर निवासी अनिल मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा के साथ हुई।पहले ही दिन पति के पूर्व में शादी का पता चलने पर नीलम मिश्रा ने विरोध किया। जिसपर उसे मार पीट कर भगा दिया गया। मामला परिवारिक न्यायालय और परिवार परामर्श केन्द्र पर चला। पुलिस आयुक्त के आदेश पर नीलम मिश्रा ने मऊआइमा थाने में पति अनिल मिश्रा और ससुर संतोष मिश्रा तथा सास,देवर,ननद नाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नैनी के गणेश उत्सव में भक्तों का लगा तांता

### देर रात तक आकर्षक झांकियों को देख झूमते रहे भक्त

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के समीप खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव में पांचवे दिन पूजा पंडाल में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं आकर्षक झांकियों ने देर रात तक भक्तों का मन मोहा। इस दौरान पंडाल में उपस्थित भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के जय कारे लगाए। वहीं समाजसेवी राजेश साहू ने बताया की भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। ढोल की थाप और शंखनाद के बीच भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। वही आकर्षक झांकियां भक्तों का मन मोहती रहीं। पंडाल में भक्तों की भीड़ जुटी रही। इस मौके पर समाजसेवी राजेश साहू, डॉ संदीप पाल, लकी, टुनटुन पांडे, विनोद केसरवानी, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राजा केसरवानी आदि भक्तगण मौजूद रहे।



# दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुए जनपद के विद्यार्थी




विवेक वर्मा को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज के बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस में अतर सिंह डिग्री कॉलेज हडिया प्रयागराज में पढ़ रहे प्रतापगढ़ के छात्र विवेक वर्मा पुत्र अजय कुमार वर्मा निवासी ग्राम कस्तूरी पुर कंधई मधुपुर प्रतापगढ़ को मंगलवार को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

इस सम्मान से विवेक के माता-पिता एवं गुरु जन अत्यधिक हर्षित हैं। एमडीपीजी कॉलेज की बीकॉम तृतीय वर्ष छठा सेमेस्टर की छात्रा रितिका सिंह एवं एमडीपीजी कॉलेज की ही एम ए द्वितीय वर्ष अंग्रेजी की छात्रा राधा तिवारी को भी राज्यपाल के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र एवं जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## मेडल की झड़ी लगाने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान, खिले चेहरे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मेधावियों ने स्वर्ण पदक समेत सैतीस पदकों की झडी लगाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। राजेन्द्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह में पदक से अलंकृत मेधावियों को प्रदेश के राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने पदक प्रदान कर हौसला आफजाई की।

प्रयागराज में हुए दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के हाथों पदक पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। उपलब्धि पर बुधवार को महाविद्यालय में स्वर्ण एवं रजत तथा कांस्य पदक जीतने वाले छात्र छात्राओं में हर्ष देखा गया। उपलब्धि पर महाविद्यालय के उप प्रबन्धक इं. पूर्णांशु ओझा ने कहा कि रिकार्ड पदकों को महाविद्यालय के नाम कर विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्र तथा जिले का नाम रोशन किया है। वही प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं महाविद्यालय के प्रबन्धक प्रो. शिवाकान्त ओझा ने इस स्वर्णिम उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य डॉ. संदीप सिंह एवं प्राध्यापकों के साथ मेधावियों की कडी मेहनत एवं लगन के साथ भविष्य निर्माण में समर्पण का प्रतिफल ठहराया। विशिष्ट अतिथि निदेशक डॉ. संदीप

मिश्र ने भी उपलब्धि को महाविद्यालय के साथ क्षेत्र एवं समाज के लिए गौरवपूर्ण अनुभूति कहा है। आचार्य रामअवधेश मिश्र ने शिक्षक एवं विद्यार्थियों को भी सैतीस पदकों की रिकार्ड श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं सौंपी। वही प्राचार्य डॉ. संदीप सिंह ने महाविद्यालय में कुल सात स्वर्ण तथा चैदह रजत और सोलह विद्यार्थियों के कांस्य पदक जीतने को महाविद्यालय में शैक्षिक परिवेश तथा अनुशासन को श्रेय दिया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में सोनाली सिंह, अर्पणा पाण्डेय, रश्मि सिंह, श्रेया यादव, सृष्टि मिश्रा, अंजली, लक्ष्मी के द्वारा स्वर्ण पदक तथा अंजलि गुप्ता, प्रीती मिश्रा, खुशी यादव, दिव्यांशु मिश्रा आदि को रजत पदक मिलने पर उप प्रबन्धक इं. पूर्णांशु ओझा व प्राचार्य डॉ. संदीप सिंह एवं निदेशक डॉ. संदीप मिश्र व आचार्य राम अवधेश मिश्र ने सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ. ओपी द्विवेदी, डॉ. आशुतोष शुक्ल, डॉ. रविकांत कौशल, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. आत्मप्रकाश, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. रूबिता सिंह, मनीष शुक्ल, राजेश सिंह, देवांश मिश्र आदि रहे।

## सशक्तीकरण को लेकर संगोष्ठियों का आयोजन, विधायक ने बढ़ाया हौंसला

**अखंड भारत संदेश**

### डा. अलका तिवारी नारी शक्ति केन्द्रों पर महिला स्वावलम्बन को लेकर दी गयी जागरूकता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र में संचालित हो रहे डा. अलका तिवारी नारी शक्ति केन्द्र में सशक्तीकरण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वही परसपुर गांव तथा खजुरी में नारी शक्ति केंद्र के संचालन को लेकर महिलाओं को आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के गुर बताये गये। परसपुर में डा. अलका तिवारी नारी शक्ति केन्द्र पर आयोजित संगोष्ठी में महिलाओं ने शक्ति केन्द्र के जरिये आत्मसम्मान तथा आर्थिक निवेश में मजबूती को लेकर अपने अनुभव साझा किये। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित कराए जा रहे।

नारी शक्ति केन्द्रों की संचालित गतिविधियों को लेकर संगोष्ठी में शामिल अतिथियों को खासा उत्साहित देखा गया। बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने कहा कि डा. अलका तिवारी नारी शक्ति केन्द्र की स्थापना से गांव में महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई के सीखने का सशक्त अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होनें कहा कि इन शक्ति केन्द्रों के जरिए आर्थिक क्षेत्र में भी महिलाओं मे स्वरोजगार के प्रति अभिरूचि बढ़ी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि सशक्तीकरण के क्षेत्र में महिलाओं ने आज हर पटल पर अपना मजबूत योगदान जारी रखा है। उन्होने शक्ति केन्द्रों के सराहनीय संचालन को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा आर्थिक मदद भी सौपी। संचालन केन्द्र संचालिका आसमा ने किया। इस मौके पर केडी मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, वंदना, साधना, गीता, सुमित्रा आदि रहे। वही भदारी कला तथा खजुरी नारी शक्ति केंद्र पर भी आयोजित हुई जागरूकता गोष्ठी में शामिल हुए सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने इन केन्द्रों को भी विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रोत्साहन राशि सौपी।

# दिन भर ठप रहा प्रतापगढ़-भुपियामऊ राजमार्ग, लगा भयंकर जाम

**अखंड भारत संदेश**

### कुसुमी क्रासिंग पर अचानक रेलवे ने लगाया काम, क्रासिंग बंद



रेलवे क्रासिंग बंद होने से लगा जाम।

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर आज प्रतापगढ़ और भुपियामऊ के बीच सड़क मार्ग पर कुसुमी रेलवे क्रासिंग सुबह से ही बंद होने से दिन भर राजमार्ग पर जाम लगा रहा। एक-एक किमी लम्बी वाहनों की लाइन लगी रही।

बताया जाता है कि प्रतापगढ़ भुपियामऊ रेल मार्ग पर कुसुमी क्रासिंग पर कुछ काम रेलवे करवा रहा है, इस कारण कुसुमी क्रासिंग बुधवार की सुबह आठ बजे से बंद हो गई। चूंकि पहले से रेल विभाग ने कोई सार्वजनिक सूचना नहीं प्रसारित करवाई थी और ट्रकें व बसें अन्य वाहन कुसुमी रेलवे क्रासिंग पर जाम लगा दिये। रोडवेज की बसें आज सुबह से कटरा होते हुए भुपियामऊ भेजी गई। सुल्तानपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें सदर मोड़ से मोड़ दी जा रही थी। इस कारण यात्रियों को आज भारी परेशानी झेलनी पड़ी। भंगवा चुंगी पर आज कोई रोडवेज बस नहीं आई। जानकार सूत्रों का कहना है कि रेलवे आज शाम को छह बजे क्रासिंग को खोल देगी और सुबह फिर आठ बजे से काम शुरु हो जाएगा और क्रासिंग बंद हो जाएगी इसलिये कल भी वाहनों का प्रतिबंध आज की तरह लागू रहेगा।

## आसान नहीं है मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना

**अखंड भारत संदेश**

### लोकपाल मनरेगा के सामने चुनौतियों का पहाड़

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** लोक कल्याण के लिए बनाई गयी मनरेगा योजना मे बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार को रोक पाना बहुत आसान नही है। विकास भवन मे लोकपाल मनरेगा की जनसुनवाई व जन संवाद कार्यक्रम प्रारंभ तो हो गयी है लेकिन उनके सामने चुनौतियों का पहाड़ भी खड़ा है।

10 सितम्बर से शुरु हुए लोकपाल मनरेगा के शिकायत एवं समाधान कार्यक्रम मे सात शिकायतों को किया स्वीकार किया गया। वहीं पांच गंभीर शिकायतों को परिवाद के रूप में दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश भी लोकपाल द्वारा दिया गया। इस समस्या से लोकपाल मनरेगा भी वाकिफ है की मामला उतना आसान नही है जितना देखने मे लगता है। पांच तहसील और 17 विकास खंडो मे बंटे जनपद के अधिकांश विकास खंडो मे मनरेगा योजना की हालत पतली करने मे जिम्मेदार कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है, जिस योजना को जनकल्याण के लिए बनाया गया था वो अब पंचायत के प्रधान और अधिकारियों की जेब भरने का साधन बन गयी है। लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने इस दिशा मे सकारात्मक कदम उठाया है। वैसे मनरेगा लोकपाल का ये कहना कि जब तक हर व्यक्ति इस योजना को लेकर लोकपाल की भूमिका नही निभायेगा तब तक इसमं कामयाबी नहीं मिलेगी।

# ट्रॉली बैग के विरोध में गार्ड काउंसिल ने दिया धरना

**अखंड भारत संदेश**

### रेल प्रशासन पर लगाया बक्सा हटाने का आरोप



रेलवे स्टेशन पर धरना देते कर्मचारी।

**प्रतापगढ़।** रेल प्रशासन द्वारा ट्रेन गार्ड और बक्सा हटाकर उसके स्थान पर ट्रॉली बैग दिए जाने से नाराज कर्मचारियों ने आल इंडिया गार्ड काउंसिल के बैनर तले मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए काउंसिल के शाखा मंत्री अमरनाथ तिवारी ने कहा कि रेल प्रशासन गार्ड और ड्राइवरों का बक्सा हटा रहा है। जो सरासर ग़लत है। उनका दावा है कि बक्से से जो सेफ्टी है। वह ट्रॉली बैग से नहीं है। बैग भारी होगा जो कर्मचारी लेकर चल नहीं सकता है। अधिकारी मजदूर बना रहे हैं। शाखा अध्यक्ष आरके पाल ने कहा कि ट्रॉली बैग नहीं चाहिए। गार्ड मनीष पांडे और वीके तिवारी ने बताया है रेलवे के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ संपूर्ण भारत में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने में एसके यादव, श्याम बहादुर, अनिल पटेल, एसए अंसारी, आरएम सरोज, मो अनीश समेत कई गार्ड मौजूद थे।

# न्याय पंचायत बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूरे ईश्वरनाथ का रहा दबदबा

### कंपोजिट विद्यालय टेउंगा रहा द्वितीय स्थान पर



बाल क्रीड़ा प्रतियोगी में विजयी प्रतिभागीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सगरा न्याय पंचायत की न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वरनाथ का दब दबा रहा। प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वर नाथ में संपन्न इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालयों की 100 मी दौड़ के बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वर नाथ के अंश गौतम को प्रथम एवं कंपोजिट विद्यालय टेऊंगा के मोनू वर्मा को द्वितीय स्थान मिला।

बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर की खुशबू यादव को प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय सगरा की अनुष्का गौड़ द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी प्राथमिक बालक एवं बालिका वर्ग दोनों में प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वर नाथ ने बाजी मारी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वर नाथ विजेता रहा। उच्च प्राथमिक स्तर पर 200 मीटर दौड़ में संविलियन विद्यालय टेऊंगा के आर्यन गौतम को प्रथम एवं संविलियन विद्यालय रूपापुर के विकास पाल को द्वितीय स्थान मिला। बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वरनाथ की पिंकी वर्मा ने बाजी मारी। कबड्डी बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय टेऊंगा विजेता रहा। रुपेश तिवारी जिष्णेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र प्रकाश एवं जयप्रकाश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभासद सुनील, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार तिवारी, प्राची पांडेय, अनीता मिश्रा, रीना शुक्ला, सुधा तिवारी ने खिलाड़ियों के परेड की सलामी ली और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वर नाथ की छात्राओं ने आकर्षक स्वागत नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे ईश्वर नाथ की बालिकाओं ने बालिका शिक्षा का संदेश देते हुए नाटक का मंचन किया और भारत माता गीत भी गाया। रिचा, पूजा, संज्ञा, कामना, प्रियंका,शालू, नीलम, आदि शिक्षिकाओं ने खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहयोग किया।

### राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन में कटरा गुलाब सिंह की समरीन का चयन

**अखंड भारत संदेश**




बैडमिंटन में चयनित छात्र-छात्राएं।

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** तीन दिवसीय 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता अमिताभ बच्चन स्पोर्ट कांप्लेक्स प्रयागराज में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश के 18 मंडल के सभी स्पोर्ट माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन में अंडर फोर्टीन बालिका वर्ग में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व यूपीएस कटरा गुलाब सिंह मान्धाता प्रतापगढ़ के बच्चों ने किया। प्रयागराज मंडल ने बरेली मंडल, गोरखपुर मंडल तथा सहारनपुर मंडल को हराया । मॉडल यूपीएस कटरा गुलाब सिंह की कक्षा 7 की छात्रा समरीन बानो का चयन नेशनल स्तर पर हुआ। कोच फरहीम बच्चों को विद्यालय में शाम 5 बजे से 9 बजे तक प्रतिदिन पशिक्षण देते हैं। 10 सितंबर के समापन में मुख्य अतिथि दिव्य कांत शुक्ला संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक, आर एन विश्वकर्मा उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक, पीएन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज, रमेश तिवारी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय प्रयागराज उपस्थित रहे। फरहीम ने बताया कि बेसिक स्कूल कटरा गुलाब सिंह की कक्षा सात की छात्रा समरीन बानो ने काफी संघर्ष के उपरांत यह उपलब्धि हासिल किया। इस उपलब्धि पर ओंकार सिंह राणा जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता, रामकुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक, मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील कुमार सिंह जिला स्काउट मास्टर, कौशलेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मान्धाता ने टीम कोच फरहीम व बच्चों को बधाई दी।

## खुली नाली में गिरकर बच्चे हो रहे हैं चोटिल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के वार्ड नंबर दो में बने नाली पर पटिया न होने से गंदगी से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है लोगों ने इसकी शिकायत नगर पंचायत कर्मियों से कई बार किया लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। भारत लाल के घर के सामने बनी नाली पर पटिया नहीं रखा गया है जिसमें बच्चे भी गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वार्ड नंबर दो के रहने वाले लोगों ने जिम्मेदार लोगों का ध्यान आकृष करते हुए नाली पर पटिया रखे जाने की मांग की है। नगर पंचायत कस्बे में जगह-जगह गंदगी अंबर लगा है जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

## पिता की तहरीर पर कधंई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कधंई थाना क्षेत्र के आसल पुर गांव निवासी रणविजय सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 अगस्त की रात बारह बजे के आसपास थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव का घनश्याम यादव ने 23 वर्षीय बेटी अगवा कर कही छिपा दिया है। और आरोपी युवक लगातार फोन पर जान से मारने व घर में रखा लाखों रुपए के जेवरात तथा एक लाख तीस हजार रुपए नगदी भी उठा ले गया। पच्चीस से छब्बीस दिन बाद बेटी के न लौटने पर आरोपी युवक द्वारा लगातार धमकी और जान से हाथ धोने की बात कहने पर पीड़ित ने कधंई पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण लूटपाट जान से मारने की धमकी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कधंई अवन कुमार दीक्षित से बात की गई उन्होंने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। पिता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है मामले की छानबीन की जा रही है।

### मुकदमे में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मुकदमे में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे के आधार पर न्यायालय भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव के रहने वाले दयाराम के खिलाफ गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था वह वांछित चल रहा था। बंधवा चैकी इंचार्ज अजीत सिंह कांस्टेबल सोनू यादव क्षेत्र देखभाल के लिये गशत पर निकले थे।

# लोकपाल ने राजा गुलाब सिंह के पुरावशेष स्थल का किया भ्रमण

### पंचायत द्वारा संरक्षित व विकसित करने का सुझाव

**अखंड भारत संदेश**



पुरावशेष स्थल का भ्रमण करते मनरेगा लोकपाल समाज शेखर।

**प्रतापगढ़।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राजा बाबू गुलाब सिंह के प्राचीन रियासत बर्तमान ग्राम पंचायत तरौल का भ्रमण ग्रामीणों की अपेक्षा पर लोकपाल मनरेगा समाज शेखर ने किया। ग्राम प्रधान कमलेश कुमार ने प्रमुख ग्राम पंचायत सदस्यों तथा गांव के प्रमुख लोगों के साथ इस प्राचीन धरोहर को ग्राम पंचायत द्वारा संरक्षित करने का संकल्प लिया। वहीं ग्राम के प्रवेश स्थल पर बाबू गुलाब सिंह की स्मृति में भव्य द्वार बनाने की भी योजना तय की।

लोकपाल सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर इस प्राचीनतम स्थल को जगाने हेतु स्थानीय सहयोगियों के साथ पहले से ही प्रयासरत रहे हैं। अब जब मनरेगा लोकपाल हुए हैं तब से ग्राम व स्थानीय कार्यकर्ताओं की अपेक्षा है कि आजादी के इस महत्वपूर्ण स्थल का संरक्षण व विकास सरकार द्वारा अवश्य हो। ऐसे गत दिनों की अपेक्षा के क्रम में लोकपाल ने स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ संवाद भी स्थापित किया। ग्राम प्रधान कमलेश यादव, पत्रकार प्रभाकर राय, आर टी आई कार्यकर्ता राजीव मिश्र व मुन्ना यादव ने उत्साह प्रकट करते हुए कहा कि सरकार को इस महानायक को भुलाना ठीक नही। इतिहास के पन्ने गुलाब सिंह की अमर गाथा गाते हैं। परन्तु समाज व सरकार की उपेक्षा से आज भी इस महानायक के नाम पर कटरा गुलाब सिंह नगर के नाम के सिवा कुछ भी नही है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रधान के साथ इस स्थल को स्वच्छ व विकसित करके संरक्षित करने का संकल्प लिया।

## करंट की चपेट में आने से युवकी की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के मुड़ियन का पुरवा बेलहा निवासी अमृतलाल पटेल 45 पुत्र शुकरु बुधवार की सुबह करीब नौ बजे अपने घर से लगे बांस की कोठ में बांस काट रहा था। इसी बीच ऊपर से गुजरी एचटी लाइन में छू रहे बांस में उतरे करंट की चपेट में आ गया। उसे जमीन पर अचेत पडा देख आननफानन में घर के लोग इलाज के लिए उसे ट्रामा सेन्टर लालगंज ले गये। जहां पर चिकित्सकों ने अमृत लाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर लालगंज पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक तीन भाईयो में सबसे बड़ा था। मृतक अमृत लाल मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करता था। उसके कोई संतान नहीं थी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में दो पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बसुआपुर गांव की शम्मो पत्नी विजय कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार अगस्त की शाम करीब सात बजे वह सांगीपुर बाजार से घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में गांव के युवराज व संजय ने एकराय होकर उसे मारापीटा व धमकी दी। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पाये जाने पर डीएम ने प्रकट की नाराजगी

**निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराने के दिये निर्देश, जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन वृहद गौ-संरक्षण केन्द्र केसरी, ट्राजिट हॉस्टल ककोढ़ा एवं पेयजल योजना दारानगर का आकस्मिक निरीक्षण कर दियें आवश्यक दिशा-निर्देश**



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विकास खण्ड-कड़ा के ग्राम-केसरी में निर्माणाधीन वृहद गौ-संरक्षण केन्द्र, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, ककोढ़ा में ट्राजिट हॉस्टल का निर्माण एवं पेयजल योजना दारानगर का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गौ-संरक्षण केन्द्र में भूसा घर, टीन शेड एवं कार्यालय के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यदायी संस्था यू०पी०सी०एल०डी०एफ०, प्रखण्ड-प्रयागराज के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लगातार भ्रमण कर नियमित कार्य की प्रगति पर नजर रखें एवं समय समय पर प्रगति से अवगत कराते रहें। ट्राजिट हॉस्टल के निरीक्षण के दौरान अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कार्य की प्रगति कम पायी गई, वहाँ पर मौजूद अभियंताओं के पास एल०वाई० भी मौजूद नहीं था, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए, श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दियें। पेयजल योजना, दारानगर के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष भौतिक प्रगति कम पायी गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पाइप लाइन के बिछाने का कार्य चल रहा था, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि अवशेष पाइप लाइन बिछाने के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करा लिया जाय एवं परियोजना में बाउण्ड्रीवाल के कार्य को भी अविलम्ब प्रारम्भ करवाया जाया। इसके साथ ही पोल शिफ्टिंग का कार्य भी पूर्ण करा लिया जाय।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 15 सितम्बर तक करें आवेदन

**कौशाम्बी** जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार ने सूचित किया है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 15 सितम्बर 2024 तक कर सकतें हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जायेंगा जो बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य किया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से अधिक न हो (सम्बन्धित वर्ष की 31 जुलाई तक) भारतीय नागरिक हो, पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकतें हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन पर केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही प्राप्त किया जायेंगा। पुरस्कारों के लिए स्व नामांकन और शिफारिशें दोनों पर विचार किया जायेंगा।

## चतुर्थ चरण में प्रवेश के लिए 15 सितम्बर तक करें आवेदन

**कौशाम्बी** नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि आई०टी०आई० प्रवेश सत्र-2024-25 के लिए तृतीय चरण में प्रवेश के उपरान्त अवशेष सीटों पर चतुर्थ चरण में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी दिनांक 15 सितम्बर 2024 तक बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य पिछड़ा वर्ग के लिए रू०-250, अनुसूचित जाति जनजाति के लिए रू०-150 का भुगतान ऑनलाइन किया जायेंगा।

## दिव्यांगजन ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर बैशाखी के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम से कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदान किये जाने की योजना संचालित है, जिसमें ऐसे दिव्यांगजन, जिनके पास कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण न हों, ऐसे इच्छुक दिव्यांगजन एक सप्ताह के अन्दर बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि आवेदक ऑनलाइन फार्म भरते समय दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, मोबाइल नम्बर, आय प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी के स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ वेबसाइड पर अपलोड अवश्य करें। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, कक्ष सं०-28 विकास भवन, भू-तल, मंझनपुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकतें हैं।

# न्यूज झरोखा

## तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ समापन



**कौशाम्बी।** एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज कोइलहा पुरामुफ्ती में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में प्रथम सोपान जांच शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 11 सितम्बर को हुआ। इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम सुंदर सिंह जिला सचिव भारत स्काउट गाइड कौशाम्बी रहे व विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक चतुर्वेदी रहे। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्कार्फ पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले स्काउट गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया और स्काउट गाइड की लगन देखकर मुख्य अतिथि ने सराहना किया साथ ही साथ स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षणिक व सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना सकते हैं कार्यक्रम में जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह आदि विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया ट्रेनिंग काउंसलर मैडम वैशाली सिंह ने सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट आदि के बारे में बताया विद्यालय के स्काउट मास्टर सिद्धार्थ शुक्ला, गाइड कैप्टन प्रगति गुप्ता ने स्काउट गाइड को झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में बी टी सी डिपार्मेंट के प्रिंसिपल श्रीमती जया त्रिपाठी स्कूल कोऑर्डिनेटर श्रीमती साधना द्विवेदी सिद्धार्थ शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे पटरी के आस पास पड़ने वाले गांव में आपराधिक तत्वों शरारती तत्वों की बनाए सूची

**रेलवे पटरी की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ एसपी ने की मीटिंग**



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में बुधवार को रेलवे पटरी की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ मीटिंग की गयी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के साथ साथ जनपद की सीमा में आने वाले रेलवे पटरी की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, आपराधिक एवं शरारती तत्वों द्वारा पटरी पर किये जाने वाले व्यवधान को रोकने के लिये जनपद की सीमा में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों गैंगमेन सिग्नलमेन के साथ समन्वय स्थापित कर निरंतर निगरानी करने, रेलवे पटरी के समीप आने वाले गांव में चौपाल लगाकर नुक्कड़ सभा आयोजित कर आमजनमानस विद्यालयों के बच्चों को सुरक्षा हेतु जागरूक करने के लिये अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही स्थानीय पुलिस को यह भी दिशा निर्देश दिये गये कि रेलवे पटरी के आस पास पड़ने वाले गांव में आपराधिक तत्वों शरारती तत्वों की सूची बनाकर उन पर भी कड़ी नजर बनाये रखें । पुलिस कर्मियों को सूचना तंत्र विकसित कर रेलवे पटरी की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अविलंब प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया गया। मीटिंग में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी तथा रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज के सहायक सुरक्षा आयुक्त एसके घोष, आरपीएफ चौकी प्रभारी भरवारी व आरपीएफ चौकी प्रभारी सूबेदारगंज मौजूद रहे।

## रहीमपुर मोलानी में अलम-शबीह की ज्यारत कर जार-जार रोए



**कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के ग्राम रहीमपुर मोलानी में जुलूसे असीराने करबला निकाला गया। इसकी शुरूआत तेलावते कलामे पाक से हुई। मौलाना जमीर हैदर ने मजलिस पढ़ते हुए करबला के शहीदों का जिक्र किया। इसके बाद मौलाना शबीह अब्बास ने तकरीर करते हुए शबीहों को बरामद कराया। तकरीर सुनकर अजादार जारो कतार रोते रहे। हजरत अब्बास का अलम, जुलजनाह, गहवारा, अमारियां बरामद हुई। लोगों ने शबीहों की ज्यारत की। अंजुमने अब्बासिया सुल्तानपुर के नौहाख्वान ने नौहा पढ़ा-कहा सकीना ने यह थामकर जिगर भइया, है कितनी दूर यहां से हमारा घर भइया। इसके बाद मौलाना शहंशाह कर्बलाई ने कब्रे सकीना पर तकरीर की। जैसे ही कब्रे सकीना खुली महिलाओं की चीख निकल गई। वा सकीना की आवाजें बुलंद हुई। जुलूस आहिस्ता-आहिस्ता अपने अजाखाने पहुंचकर समाप्त हो गया। इस जुलूस में दूर दराज आई अंजुमन ए असगरिया मंझनपुर , गुंचाए इस्लाम बहेरा अम्बेटकर नगर फैजाबाद ने दर्द भरे नौहा बयान किया। रहीमपुर मोलानी के राजिश अब्बास, रुस्तम, मोनिस, हैदर अब्बास, सलमान नक्कन समस्त जवानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ नगर पालिका ने चलाया अभियान



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के कर्मचारियों द्वारा बुधवार को ओसा चौराहा में प्रतिबंधित पॉलिथीन पकड़ने का अभियान चलाया है दुकान दुकान जाकर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने पॉलिथीन इकट्ठा किया और प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करने की दुकानदारों को सलाह दी है कर्मचारियों ने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मैजिक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर निवासी अवधेश उम्र 29 वर्ष पुत्र शिव गोविंद बाइक से सैनी की तरफ जा रहे थे जैसे ही वह कुछ दूर आगे पहुंचे कि अनियंत्रित छोटा मैजिक ने बाइक सवार अवधेश को टक्कर मार दिए जिससे वह सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं हादसा देखकर राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दिया है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल अवधेश को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने पर सीएचसी में चिकित्सको के उपस्थित ना होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी कड़ा से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

## संदीपन घाट पुलिस ने गौ मांस के साथ दो को किया गिरफ्तार

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना पुलिस ने मंगलवार को गोवंश के मांस के साथ महगांव से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को गोवध निवारण अधि० के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय समक्ष भेज दिया है। बता दें कि संदीपन घाट थाना प्रभारी ने प्रेस नोट जारी करके बताया की शासन प्रशासन द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहें अभियान के क्रम में संदीपन घाट थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम महगांव से गौ मांस से साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से गौ मांस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मो० अहमद पुत्र स्व० रईस अहमद उम्र करीब 40 वर्ष व रिजवाना पत्नी मो० अहमद निवासीगण महगांव थाना संदीपन घाट जनपद कौशाम्बी रूप हुई हैं। गिरफ्तारी के पश्चात बरामदगी के आधार पर दोनो के विरूद्ध मु०अ०स० 248/24 धारा 3/4क/8 गो वध निवारण अधि० का मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात माननीय न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है।

# मानसिक शक्तियों के विकास के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन संपन्न



**कौशाम्बी** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड की उपस्थिति में उदयन सभागार में मानसिक शक्तियों का विकास के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मस्तिष्क वैज्ञानिक डॉ0 जितेन्द्र कुमार जांगड़ा द्वारा दिमाग के कार्य करने के तरीके, एकाग्रता एवं याददास्त बढ़ाने के तकनीक पर प्रकाश डाला गया। जिसमें उन्होंने ब्रेन बैलेंस एक्सरसाइज और विजडम ऑफ माइण्ड तकनीक के द्वारा एकाग्रता, याददास्त मेमोरी रीडिंग एवं काम में परफॉर्मेंस को बढ़ाने पर जानकारी दी। कार्यशाला में स्टाफ के सभी मेंबर्स को ब्रेन बैलेंसिंग टेक्निक की प्रैक्टिस की और वर्क परफॉर्मेंस, वर्क लाइफ बैलेंस, विजडम ऑफ माइण्ड तकनीक की मदद से अपनी परफॉर्मेंस और रिजल्ट्स को और कैसे बेहतर किया जाय, जिसमें कि वह तनाव से मुक्त होते हुए ओवर थिंकिंग से बचते हुए अपना बेस्ट पोटेंशियल पर काम कर पाये, ब्रेन बैलेंसिंग टेक्निक्स आपके ब्रेन को सही दिशा में इफेक्टिव तरीके से काम करने में मदद करती हैं, जिससे कि आपको चिंता, ओवरथिंकिंग, डर, कॉन्फिडेंस ना आना जैसी तकलीफ से निजात पा सकतें हैं ।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**डीएम ने जय प्रकाश नारायण कॉलेज ककोढ़ा, प्राथमिक विद्यालय केसरिया एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र-बिहामिदपुर का किया आकस्मिक निरीक्षण**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ने जय प्रकाश नारायण कॉलेज ककोढ़ा, प्राथमिक विद्यालय केसरिया, कड़ा एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र-बिहामिदपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जय प्रकाश नारायाण कॉलेज के निरीक्षण के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कुमार भारती उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा शिक्षको की उपस्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त करने पर उनके द्वारा ठीक से जानकारी नहीं दी गई और न ही उपस्थिति पंजिका को व्यवस्थित किया गया था। विद्यालय में कुल 426 छात्र नामांकित हैं, जिसके सापेक्ष कुल 286 छात्र ही उपस्थित पाये गये। 16 अध्यापकों के सापेक्ष 14 अध्यापक उपस्थित पाये गये, अनुपस्थित अध्यापकों में श्रीमती दीपमाला सिंह मातृत्व अवकाश पर थी तथा श्रीमती माधुरी कुशवाहा हरदौली बॉदा से संबद्ध हैं। प्राथमिक विद्यालय केसिरिया, कड़ा का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य तथा अन्य शिक्षकों को विद्यालय की साफ-सफाई, दस्तावेजों का रख-रखाव एवं पठन पाठन को सुचारू बनाये रखने के निर्देश दियें।ऑगनबाड़ी केन्द्र-बिहामिदपुर, कड़ा के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री मनीषा श्रीवास्तव उपस्थित पायी गयी। आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया, खिड़की टुटी हुयी पायी गयी, ऑगनबाड़ी केन्द्र में 65 बच्चे नामंकित थे, जिसमें 30 बच्चों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की गयी थी, लेकिन मौके पर केवल 05 बच्चे ही उपस्थित पाये गये। जिस पर बाल विकास परियोजना अधिकारी से जानकारी चाही गई तो उन्हें इस आंगनबाड़ी केन्द्र के बारे में कोई जानकारी नही थी जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने एवं आंगनबाड़ी केन्द्र को नजदीक के विद्यालय में शिफ्ट कराये जाने के निर्देश दिये।

# एडीएम कौशाम्बी को लखनऊ में प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित



**कौशाम्बी** पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के अन्तर्गत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत द्वारा उत्कृष्टता की ओर बढते कदम विषय पर उ0प्र0 के राज्य निकायों के पुरस्कार योजनान्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी की नगर पालिका परिषद् भरवारी व नगर पंचायत सराय अकिल एवं करारी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कियें जाने पर मंत्री नगर विकास एवं नगरीय रोजगार गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम उ0प्र0 लखनऊ अरविन्द कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना अधिकारी डूडा प्रबुद्ध सिंह को नगरीय निकाय निदेशालय के विशाखा सभागार, लखनऊ में प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार शहर मिशन प्रबंधक (डूडा) श्री कामरान अहमद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् भरवारी, नगर पंचायत सराय अकिल एवं नगर पंचायत करारी के अधिशासी अधिकारी को मा0 मंत्री जी ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में से 18 जनपदो के नगर पालिका परिषदो व नगर पंचायतो द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के कुल 43 पुरस्कार दियें गयें है। पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के संचालन के लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की देखरेख में किया जाता है।

# गोहत्यारो के कठोर खिलाफ कार्यवाही तक करेंगे संघर्ष : वेद प्रकाश सत्यार्थी



**कौशाम्बी।** चायल नगर पंचायत की सरकारी कान्हा गौशाला में किस प्रकार से गोकशी की घटना हुई है वह दिखता है कि जिले में कैसे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब तक गौ हत्या के इस मामले से जुड़ा एक-एक आरोपी जेल नहीं जाएगा तब तक विश्व हिंदू परिषद सड़क पर उतरकर संघर्ष करता रहेगा। उक्त बातें संगठन के जिला सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कान्हा गौशाला में गोहत्या पूर्व से हो रही है अब तक बड़ी संख्या में गायों को मार कर उनके मांस को बेचा जा चुका है इस मामले में जो सूत्रधार हैं उनको जेल भेजा जाए। इसके साथ जिनका नाम आ रहा है वह यहां पर कई अवैध कारोबार जैसे हरे पेड़ों को काटना, अवैध रूप से गरीबों की जमीनों पर कब्जा करना के साथ नशे के कारोबार में भी लिप्त है। नगर पंचायत के बाजार तालाब नंबर जिसपर अवैध रूप कब्जा कर लिया है इस अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाए। मुख्य मार्ग जो की मनौरी को जोड़ता है ब्लॉक के सामने सड़क खाप की जमीन पर अवैध रूप से वर्ग विशेष के लोगों ने कब्जा कर लिया है जिसे तत्काल हटाया जाना आवश्यक है। कस्बे में बड़ी संख्या में शत्रु संपत्ति है जिनको अवैध रूप से कागजों पर हेरा फेरी करके लोगों का नाम दर्ज कर लिया गया है जो कि मुस्लिम समाज के हैं इन सभी मामलों की जांच करके पुनः शत्रु संपत्ति को सरकारी संपत्ति घोषित कराया जाए। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने सभी मांगों को पूरा करने के लिए तहसील प्रशासन को 7 दिन का समय दिया और कहा कि यदि 7 दिनों में इन मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो विश्व हिंदू परिषद जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर प्रमोद केसरवानी, घनश्याम सोनी, राजू पासी, रजत सोनी, स्वप्नील जयसवाल, मानू सोनी, सीताराम, राजू सभासद, शिवम पांडे, दीपक मौर्य, सर्वेश पटेल, विनोद लोधी, पुष्पेंद्र पांडे, पंकज मौर्या, मुकुल उपाध्याय, हनुमान प्रसाद, राजेश यादव, पंकज पटेल, संदीप शुक्ला, मिथिलेश, ओमप्रकाश पांडे, राज मंगल शुक्ला, गोविंद कुमार, रंजीत, महेंद्र पासी, छेद्दू, प्रदीप कुमार, पप्पू, आरके पाल, नीरज सिंह, अतुल तिवारी आदि रहे।

## बहन के यहां से वापस लौट रहे बाइक सवार दो लोग घायल

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के रोही के पास बाइक सवार दो लोगों को इनोवा कार ने पीछे से टक्कर मार दी है जिससे दोनों लोग घायल हो गए हैं हादसा देखकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दिया है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवारो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के रामू उम्र 35 वर्ष अपने साथी के साथ भरवारी में बहन के घर गए थे जहां से वह वापस मनौरी जा रहे थे रोही के पास उनकी बाइक में इनोवा कार ने टक्कर मार दी है जिससे रामू सहित उसका साथी घायल हो गया है

## बाइक सवार घायल

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र से मलिकपुर महवा जा रहे बाइक सवार रामसिंह जैसे ही रोही के पास पहुंचा तेज गति वाहन ने बाइक सवार राम सिंह को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा है और घायल हो गया है हादसा देखकर राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस ने घायल राम सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# नैनो तरल यूरिया का उपयोग कर कम लागत में करें अधिक पैदावार : एडीएम

**समितियों तथा अन्य प्रसार कर्मियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**





**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड की उपस्थिति में उदयन सभागार में सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे सहकारी समितियो तथा अन्य प्रसार कर्मियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित बिक्री केंद्र प्रभारियो को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग कृषको को जागरूक करें कि किसान भाई खेती में नैनो तरल यूरिया एवं डी0ए0पी0 का उपयोग कर कम लागत मे अधिक पैदावार करें। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डा0 मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मृदा में सूक्ष्म जीवाणुओ की उपलब्धता की कमी परिलक्षित होने का सबसे बड़ा कारण लगातार अंधाधुंध रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशको का प्रयोग हैं। इससे मृदा की उर्वराशक्ति का ह्रास भी हो रहा है। उन्होने कहा कि नैनो तरल यूरिया एवं डी0ए0पी0 का प्रयोग कर फसलों के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण को भी रोका जा सकता हैं, दानेदार उर्वरक का पौधे मात्र 30-35 प्रतिशत ही उपयोग कर पाते है, जबकि नैनो उर्वरक का पौधे 90 प्रतिशत तक उपभोग करते है। खेती लागत में कमी एवं उर्वराशक्ति में वृद्धि करके उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। इसी प्रकार कृषि वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि नैनो उर्वरको एमिनो एसिड, सूक्ष्म पोषक तत्वयुक्त है, इनके प्रयोग से पौधो के विकास के साथ साथ दानो का वृद्धि एवं विकास अच्छा होता है। उन्होंने खरीफ फसल मे कीट रोग प्रबंधन के विषय मे भी जानकारी प्रदान की। जिला कृषि अधिकारी डा0 संतराम ने नैनो उर्वरक की बिक्री बढाने के विषय मे जानकारी देते हुए कहा कि बिक्री केंद्र प्रभारियो द्वारा किसान को यह सलाह दी जाय कि किसानों को दानेदार रासायनिक उर्वरक की अपेक्षा तरल यूरिया 50 प्रतिशत ही उपयोग करने की आवश्यकता है। उर्वरक बिक्री पॉश मशीन के माध्यम से ही बिक्री करें। ए-आर-कोआपरेटिव राजेन्द्र कुमार ने उर्वरक की उपलब्धता एवं नैनो उर्वरक की बिक्री बढाने के विषय मे जागरूक किया। उप निदेशक कृषि सत्येंद्र तिवारी ने कृषि विभाग की योजनाओ एवं नैनो उर्वरक प्रयोग को बढावा देने के लिए कृषको के बीच जागरूकता बढाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सम्पादकीय

### 2 सौ लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हुए

**पिछले** साल मई महीने से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समुदायों के बीच बढ़ चुके संघर्ष में कम से कम 2 सौ लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हुए हैं। अशांति और हिंसा के इस माहौल में सामान्य जनजीवन पूरी तरह बर्बाद हो गया है और महिलाओं, बच्चों की जो दुर्दशा हुई है, वह कल्पना से परे है। अगर देश में मजबूत इरादों वाली सरकार होती तो अब तक मणिपुर में हालात संभालने के ठोस उपाय किए जा चुके होते। इन उपायों में राष्ट्रपति शासन से लेकर मुख्यमंत्री का इस्तीफा, सरकार की बर्खास्ती या खुद प्रधानमंत्री का मणिपुर जाकर स्थिति समझने की पहल करना शामिल हो सकता था। लेकिन अफसोस कि इनमें से एक भी उपाय नहीं किया गया और अगर केंद्र सरकार किन्हीं अन्य विकल्पों पर विचार कर रही है, तो इसकी जानकारी देश को नहीं है। फिलहाल यह नजर आ रहा है कि 16 महीने से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर केंद्र सरकार ने छोड़ दिया है। कहने को वहां राहत शिविर भी बनाए गए हैं, सैन्य बलों की तैनाती भी हुई है, पीड़ितों को मुआवजा भी दिया गया है, लेकिन इन सबके बावजूद जिस चीज की वहां सबसे अधिक जरूरत है, यानी शांति और आपसी सद्भाव की, वो सिरे से नदारद है। 2023 से 2024 आ चुका है, जिसके आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन मणिपुर में हिंसा की घटनाएं बीतने का नाम ही नहीं ले रही हैं। अभी फिर राज्य में हिंसा की नयी लहर उठी है, जिसमें सितंबर के 10 दिनों में 11 मौतों की खबर है। इन्हें मौत न कहकर हत्या कहें, तो शायद हालात की गंभीरता का अंदाजा लगे।

किसी भी संवेदनशील समाज में इस बात से रोंगटे खड़े हो सकते हैं कि एक राज्य में 10 दिन में 11 हत्याएं हो गईं, लेकिन राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार इस संवेदनशीलता से कोसों दूर दिखाई दे रही है। पिछले सप्ताह मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने छह महीनों के भीतर शांति लाने का दावा किया था, लेकिन मौजूदा हालात उनके दावों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जो काम पिछले एक साल में नहीं हुआ, वो अगले छह महीने में कैसे होता, इसका खुलासा मुख्यमंत्री ने नहीं किया। लेकिन हकीकत ये है कि सितंबर महीने में मणिपुर में ड्रोन और मिसाइल के हमले से लेकर हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी जैसी भयावह घटनाएं हुई हैं।

इस रविवार को ही कुकी समुदाय से आने वाले सेवानिवृत्त सैन्य जवान लिमखोलोई माटे की हत्या केवल इसलिए हो गई क्योंकि अपने दोस्त को लीमाखोंग छोड़ने गए और लौटते में वे कुकी और मैतेई इलाकों के बीच बफर जोन से गुजरे। इसी बात पर उन पर हमला कर दिया गया कि उन्होंने कुकी और मैतेई के बीच हो चुके भौगोलिक बंटवारे का उल्लंघन कर दिया। इस घटना से समझ आता है कि राज्य में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच नफरत की भावना कितनी बढ़ चुकी है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तथाकथित शांति प्रयासों में इस समस्या को लेकर कोई चिंता नहीं दिखाई पड़ती है। राज्य में हिंसा के ताजा दौर के बाद इंटरनेट पर पाबंदी और कर्फ्यू जैसे उपाय अपनाए गए हैं।

# हरियाणा चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता- विरोधी संकेत

-ललित गर्ग -

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन ह्यआपह्न से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही ह्यआपह्न को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि ह्यआपह्न प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षो की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता




की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण ह्यआपह्न पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में ह्यआपह्न पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है।

पहलवानों से जुड़ा मामला और बृज भूषण शरण सिंह पर लगे आरोप भी हरियाणा चुनाव में अहम मुद्दा बन गए हैं। पहलवानों ने सिंह पर उन्हें न्याय और सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने का आरोप लगाया है, जिससे हरियाणा में राजनीतिक परिदृश्य में एक नया आयाम जुड़ गया है। हरियाणा में पहलवानों की सबसे अधिक संख्या और कुश्ती में एक मजबूत परंपरा होने के बावजूद, समर्थन की कथित कमी पर चिंता है।

खेलो इंडिया पहल में, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना है, गुजरात को सबसे अधिक बजट आवंटित किया गया, जिससे हरियाणा के खेल समुदाय में असंतोष पैदा हुआ। यह मुद्दा राज्य में एथलीटों के लिए संसाधनों और समर्थन के वितरण में कथित असंतुलन को उजागर करता है। इन स्थितियों में विनेश और बजरंग पहलवान के कांग्रेस में शामिल होने का पार्टी को लाभ मिलेगा।

# हिंदुस्तान से लिंचिस्तान!

- राजेन्द्र सर्मा

**मुस्लिम आ**बादी के केंद्रीयकरण की पॉकेट, मेवात के इलाके को केंद्रित कर, गोरक्षा के नाम पर खासतौर पर हिंसक गिरोहों को संगठित किया गया है, जिनकी गतिविधियों ने मेवात के इलाके को देश की मॉब लिंचिंग की राजधानी ही बना दिया है। इसी सिलसिले के हिस्से के तौर पर, पिछले ही साल फरवरी में कथित गोरक्षकों द्वारा नासिर और जुनैद की बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी गयी थी।

गोरक्षा के नाम पर, हरियाणा में फरीदाबाद में अठारह-उन्नीस साल के, बारहवीं कक्षा के छात्र, आर्यन मिश्र की हत्या की वारदात के बाद, अगर किसी को यह लग रहा हो कि कम से कम अब, गोरक्षा की आड़ में भीड़ हिंसा तथा भीड़ हत्याओं का सिलसिला थम जाएगा, तो अब उसकी यह गलतफहमी दूर हो जानी चाहिए। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि जिस कार में आर्यन था उसका तीस किलोमीटर तक गोलियां चलाते हुए पीछा करने वाले और अंततः उसे नजदीक से गोली मारने वाले गिरोह के सरगना, अनिल कौशिश ने बाद में जब आर्यन के घरवालों के सामने अपनी "गलती" मानी और घटना पर पछतावा जताया, तो यह सिर्फ इसका पछतावा था कि मुसलमान के धोखे में, उनके हाथों से एक हिंदू ब्राह्मद्दण लड़का मारा गया था! ऐसा सिर्फ इसलिए भी नहीं है कि पुलिस शुरूआत में सुलह-समझौते की कोशिश करते हुए, मृतक के परिजनों को इसी पर कन्विंस करने में लगी हुई थी कि आर्यन की मौत एक "गलती" थी और यह गलती करने वाले "भले लोग" थे, जिनकी शराफत का इससे बड़ा सबूत और क्या होगा कि वे खुद ही गलती होने की बात मान रहे थे!

और ऐसा सिर्फ इसलिए भी नहीं है कि सत्ताधारी संघ-भाजपा द्वारा नियंत्रित मीडिया द्वारा अनदेखी के जरिए, इस भयावह त्रासदी को कानून व व्यवस्था का मामूली मामला बनाने की ही कोशिश नहीं की गयी है, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक न तो शासन के किसी प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार की सुध लेने की जरूरत समझी थी और न ही सत्ताधारी संघ-भाजपा जोड़ी का कोई अदना नेता तक उनसे मिलने गया था। यहां तक कि पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की रुटीन घोषणा तक नहीं की गयी थी। इस हृदय विदारक कांड के किसी खास असर को लेकर किसी गलतफहमी की गुंजाइश न होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि खुद को गोरक्षक बताने वाले इस तरह के गोगुंडों का असली सामाजिक-राजनीतिक-वैचारिक सहारा, कथित संघ परिवार इस त्रासदी से जरा सा भी विचलित नजर नहीं आता है। उल्टे स्वघोषित संघ परिवार के निर्विवाद संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या आरएसएस के शीर्ष नेताओं में से एक, इंद्रेश कुमार पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए, मॉब लिंचिंग की भयावह



घटनाओं को यह कहकर मामूली बनाते ही दिखाई दे रहे थे कि लिंचिग किसी की भी नहीं होनी चाहिएः 'न कोई इंसान की लिंचिंग और न कोई गाय की लिंचिंग!' इस तरह वह नरहत्या को गोहत्या में बराबरी ही स्थापित नहीं कर रहे थे, वास्तव में गोरक्षा के लिए, मानवहत्या को वैध सही ठहराने की कोशिश कर रहे थे।

आरएसएस के आला नेता से संवाददाताओं ने जब कथित गोरक्षकों द्वारा लिंचिंग की बार-बार होती घटनाओं के बारे में पूछा, जिसके लिए विपक्षी पार्टियां भाजपा के उभार को जिम्मेदार मानती हैं, इंद्रेश कुमार का जवाब थाः 'देश और दुनिया के कई हिस्सों में लोग मांस खाते हैं। लेकिन, हमें यह मानना पड़ेगा कि गायों को लेकर लोग संवेदनशील हैं। इसलिए, हमें ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश करनी चाहिए जहां कोई गाय की लिंचिंग न हो और इंसान की लिंचिंग न हो। हमें, विविधता में एकता का आनंद मनाना चाहिए।' यानी जब तक गोकशी होती रहेगी, तब तक उसके जवाब में इंसानों की लिंचिंग होती रहेगी! फिर याद दिला दें कि इंद्रेश कुमार ने यह बयान, कथित गोरक्षकों द्वारा मॉब लिंचिंग की घटनाओं में मोदी-3.0 आने के साथ आयी तेजी की पृष्ठद्भूमि में दिया था, आर्यन मिश्रा की हत्या जिस सिलसिले की ताजातारीन कड़ी है।

इससे चंद रोज ही पहले, हरियाणा में ही चरखी-दादरी में कथित गोरक्षकों ने कूड़ा बीनकर गुजारा करने वाले, दो गरीब बंगाली मुसलमान मजदूरों की दिन-दहाड़े, एक सार्वजनिक जगह पर लिंचिंग की थी, जिसमें साबिर मलिक की मौत हो गयी और असीमुद्दीन को मरा हुआ समझकर छोड़ दिया गया। इस बार मॉब लिंचिंग का बहाना कथित रूप से इसका शक था कि उन्होंने गोमांस खाया हो सकता है। वास्तव में मॉब लिंचिंग से दो-तीन रोज पहले, कथित गोरक्षकों ने इन के खिलाफ गोमांस खाने की आशंका जताते हुए शिकायत भी की थी, जिस पर पुलिस ने उनकी झोंपड़ियों पर दबिश देकर, वहां मिला मांस इसका पता लगाने के लिए जांच के लिए भेज भी दिया था कि वह किस जानवर का मांस था। लेकिन, गड़बड़ी की संभावना के इस अत्यंत स्पष्टद्द संकेत के बावजूद, हरियाणा पुलिस ने सतर्कता के कोई कदम उठाने की जरूरत ही नहीं समझी। कथित गोरक्षकों ने इसे अपने मन की करने का संकेत माना और मांस के परीक्षण की रिपोर्ट का इंतजार करने के बजाए, दोनों का जबरन अपरहरण कर लिया और फिर एक सार्वजनिक स्थल पर ले जाकर, लाठी-डंडों से कातिलाना पिटाई की। पुनः, अपने संघ परिवारी नेता, इंद्रेश कुमार के ही सुर में सुर मिलाते हुए, हरियाणा की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, नायब सैनी ने एक प्रकार से गोमांस खाने के शक को, नरहत्या के लिए पर्याप्त उकसावा बता दिया। इंद्रेश कुमार की ही तरह, भाजपायी मुख्यमंत्री ने लिंचिंग की घटना को "दुर्भाग्यपूर्ण" कहा तो जरूर, लेकिन इस दरिंदगी के लिए तथाकथित गोरक्षकों की निंदा करने की उन्होंने कोई जरूरत नहीं समझी। उल्टे सैनी ने प्रकारांतर से इस मामले में अपनी पुलिस तथा प्रशासन की घोर विफलता को एक प्रकार से स्वाभाविक ही करार देते हुए कहा कि ऐसी बातों से लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। इसीलिए, उनकी सरकार ने गोरक्षा के लिए कड़ा कानून बनाया था। इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। और अंत में यह कि गांवों में लोगों की भावनाएं भड़क जाएं, तो कौन रोक सकता है? दूसरी ओर, भाजपायी मुख्यमंत्री ने जोर देकर दावा किया कि चरखी-दादरी में जो हुआ, उसे मॉब लिंचिंग कहना गलत था। शायद सैनी के अनुसार, यह क्रिया की स्वाभाविक प्रतिक्रिया का मामला था–गोमांस खाने के शक में हत्या!

हरियाणा में लिंचिंग की इन हालिया घटनाओं से और खासतौर पर चरखी-दादरी और फरीदाबाद की कथित गोरक्षकों द्वारा हत्या की घटनाएं जिस तरह, एक के फौरन बाद दूसरी हुई हैं, उनसे इसकी आशंका होना अस्वाभाविक नहीं है कि इन घटनाओं का, अगले ही महीने के आरंभ में होने जा रहे, हरियाणा के विधानसभाई चुनावों से संबंध हो सकता है। यह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है कि हरियाणा में भाजपा को एक खासतौर पर कठिन चुनाव का सामना करना पड़ रहा है। वास्तव में इसी राजनीतिक-सामाजिक प्रतिकूलता का पूर्वानुमान कर, संघ-भाजपा जोड़ी इस राज्य में भी, जहां मुस्लिम आबादी अधिक नहीं है, अपने पीछे हिंदुओं को गोलबंद करने के लिए, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों में लगी रही है।

खासतौर पर मुस्लिम आबादी के केंद्रीयकरण की पॉकेट, मेवात के इलाके को केंद्रित कर, गोरक्षा के नाम पर खासतौर पर हिंसक गिरोहों को संगठित किया गया है, जिनकी गतिविधियों ने मेवात के इलाके को देश की मॉब लिंचिंग की राजधानी ही बना दिया है। इसी सिलसिले के हिस्से के तौर पर, पिछले ही साल फरवरी में कथित गोरक्षकों द्वारा नासिर और जुनैद की बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी गयी थी। बाद में अगस्त के आरंभ में नूंह में कथित ब्रज मंडल शोभायात्रा के नाम पर, बाकायदा दंगा भी कराया गया था, जिसका समापन भाजपा सरकार की पुलिस की पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण मुस्लिम-विरोधी कार्रवाई के साथ हुआ था। उधर गुड़गांव में खुले में नमाज को रोकने के नाम पर, उकसावेपूर्ण मुस्लिमविरोधी मुहिम चलायी जाती रही है। खासतौर पर किसान आंदोलन की पृष्ठद्भूमि में, ध्रुवीकरण की इन कोशिशों के खास सफल न होने के बाद अब, कथित गोरक्षकों के सहारे चुनाव से ऐन पहले एक बार फिर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का दांव आजमाया जा रहा है। लेकिन, यह सब सिर्फ चुनावी चिंताओं का मामला ही नहीं है।

वास्तव में आम चुनाव के नतीजे आने के बाद से, गोरक्षा के नाम पर मॉब लिंचिंग के मामलों में उल्लेखनीय तेजी आयी है। चुनाव नतीजों के बाद इसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ से हुई थी, जहां ट्रक ड्राइवर तथा क्लीनर समेत तीन लोगों की कथित गोरक्षकों ने पीछा कर के हत्या कर दी थी। लेकिन बाद में, जैसाकि भाजपा-शासित राज्यों में आम है, पुलिस की जांच में यह नतीजा पेश कर दिया गया और तत्परता से सरकार द्वारा उसका अनुमोदन भी कर दिया गया कि दो मरने वाले, खुद ही पुल से नदी में कूद गए थे! गोरक्षकों ने तो उनका पीछा भर किया था! उसके बाद से विभिन्न राज्यों में कथित गोरक्षकों द्वारा मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। मॉब लिंचिंग की ये घटनाओं, जिनमें अक्सर दोषियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई नहीं होती है और तरह-तरह के बहानों से की जाने वाली बुलडोजर कार्रवाइयों आदि से मिलकर, मुसलमानों के खिलाफ एक प्रकार से राजनीतिक-चुनावी बदला लिए जाने का वातावरण बन रहा है। भाजपा के अनेक नेताओं के मुस्लिम-विरोधी बयान और मोदी एंड कंपनी का अपनी सोची-समझी चुप्पी से इस सब को बढ़ावा देना, इस वातावरण को और दमघोंटू बना रहा है। इंद्रेश कुमार के बयान से साफ है कि आरएसएस, इस सिलसिले को आगे बढ़ाने की ही कोशिश करेगा न कि टूटने देगा।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ कांग्रेस उत्साहित

– कल्याणी शंकर

**अंकगणित** ही कांग्रेस की जीत तय करेगा। साथ ही, इंडिया गठबंधन की एकता भी जरूरी है। अगर किस्मत अच्छी रही तो भाजपा सम्मानजनक संख्या में सीटें हासिल करके नुकसान को कम कर सकती है, जिससे एक मजबूत विपक्ष बन सकता है। कांग्रेस को गलतियों से बचना चाहिए और सबको साथ लेकर चलना चाहिए।

हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनाव में कौन विजयी होगा? क्या सत्तारूढ़ भाजपा राज्य में अपना कब्जा बरकरार रखेगी या फिर कांग्रेस जीत का मौका भुनायेगी? देश की निगाहें महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू और कश्मीर में आसन्न चुनावों के नतीजों पर भी टिकी हैं, जो इन राज्यों के भविष्य को आकार देंगे और राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेंगे।

हरियाणा 90 सीटों के साथ एक विविधतापूर्ण बहुकोणीय मुकाबले के लिए तैयार है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। फिर भी, आप, समाजवादी पार्टी, सीपीआई (एम), सीपीआई और हरियाणा लोकहित पार्टी जैसी अन्य पार्टिया भी मैदान में हैं, जो चुनावी गतिशीलता में विविधता ला रही हैं। जेजेपी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने दुष्यंत चौटाला को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाया है। वहीं, इनेलो और बसपा ने अभय सिंह चौटाला को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मैदान में हैं। भाजपा की ओर से नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मैदान में हैं। दोनों ही पार्टियों में अंदरूनी समस्याएं हैं।

भाजपा के मामले में मंत्री रणजीत सिंह चौटाला और विधायक लक्ष्मण दास नापा ने टिकट नहीं मिलने पर पार्टी छोड़ दी। अन्य प्रमुख हस्तियों और जिला नेताओं ने टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया। गठबंधन सहयोगी आप के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा के दौरान हुड्डा समेत हरियाणा के कांग्रेस नेता कुछ ही सीटें देने को तैयार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस दस साल के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी को लेकर आशावादी है।



पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) और समाजवादी पार्टी को गठबंधन के लिए रणनीतिक रूप से लुभाने की कोशिश कर रही है।

आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में शामिल होने के आरोप में अभी भी जेल में हैं। हरियाणा चुनाव अहम हैं। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आना चाहती है, जबकि कांग्रेस सत्ता हासिल करना चाहती है। अन्य क्षेत्रीय दल भी सत्ता में हिस्सेदारी के लिए होड़ में हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी दस सीटें जीती थीं। 2024 में उसे केवल पांच सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस ने बाकी पांच सीटें जीतीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से वंचित भाजपा ने जद(यू) और तेलुगु देशम की मदद से सरकार बनाई। 2014 से पहले हरियाणा में भाजपा एक छोटी खिलाड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद ही पार्टी ने गति पकड़ी। 2019 में भाजपा ने 40 सीटों के साथ सरकार बनायी, जो बहुमत से सिर्फ छह कम थी, दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने दस सीटें जीतकर भाजपा का समर्थन किया। हालांकि, जेजेपी ने हाल ही में भाजपा के साथ अपना गठबंधन समाप्त कर लिया है।

हरियाणा में, भाजपा का वोट शेयर 2019 में 58.2प्रतिशत से घटकर 2024 में 46.11प्रतिशत हो गया। इसका मुख्य कारण किसानों द्वारा कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी की मांग करना था। 2024 में, क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने भाजपा के वोट शेयर को पीछे छोड़ दिया।

मार्च में, भाजपा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया। नये मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को भरने का वायदा किया है और जाट मुद्दे का लाभ उठाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, भाजपा को जाटों का समर्थन नहीं है। साथ ही, सैनी के छह महीने के छोटे कार्यकाल ने उनके प्रभाव को सीमित कर दिया है।

2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी लोकसभा सीटों को दोगुना करने के बाद कांग्रेस उत्साहित है। कांग्रेस बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, किसानों के मुद्दों और विवादास्पद अग्निवीर योजना पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पार्टी जनता के सुझावों के आधार पर अपना घोषणापत्र तैयार कर रही है, जिसमें वृद्धों के लिए 6,000 रुपये पेंशन और 300 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। पार्टी को पहली बार मतदान करने वाले 452,000 मतदाताओं और 40 लाख युवा मतदाताओं पर भी भरोसा है। कांग्रेस का लक्ष्य विपक्षी वोटों को एकजुट करना है, जबकि भाजपा उन्हें रणनीतिक रूप से विभाजित करना चाहती है।

हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में आप का कुछ प्रभाव है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं। ताजा संकेतों के मुताबिक आप ने पांच सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जताई है। कांग्रेस में भी खटपट चल रही है। कांग्रेस गुटबाजी का सामना कर रही है। यह हुड्डा और कुमारी शैलजा के नेतृत्व में दो समूहों में विभाजित है। पार्टी दोनों गुटों को संतुष्ट करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हुड्डा मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पिछली भूमिका के कारण अधिक प्रभाव रखते हैं। कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची में दलबदलू और पूर्व मुख्यमंत्रियों के रिश्तेदार शामिल हैं। हरियाणा में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि पार्टी की सीटें कम हो सकती हैं।

## इको टूरिज्म बढ़ाने को डीएम सक्रिय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें बैंकर्स की मीटिंग कर जो प्रपोजल आता है, उसका समय से निस्तारण करें। एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना बाबत जिले में कास्ट कला उत्पाद/लकड़ी के खिलौने का चयन हुआ है। ऑनलाइन वेबसाइट से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहे हैं।



बैठक में बोलते डीएम।

बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने एमओयू क्रियान्वयन बाबत कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट में जिले में 284 एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे। उनमें एक पर्यटन विभाग का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इको टूरिज्म बढ़ाने को जो एमओयू क्रियान्वयन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, उसका निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन फर्म/उद्यमियों के आवेदन दिये हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर बैंकर्स के साथ बैठक कराकर निस्तारण करायें। किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि बैठक में व्यापार मंडल व उद्यमियों के समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाये।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम कर्वी सुश्री पूजा साहू, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, उपायुक्त उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडेय समेत संबंधित अधिकारी व व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, गुलाबचंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## राजस्व विभाग की टीम बकायादारों के घरों में मार रही छापा

### एसडीएम पूजा साहू के निर्देश पर संग्रह विभाग सक्रिय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर राजस्व वसूली में तेजी लाने को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के कड़े निर्देश हैं। एसडीएम पूजा साहू के निर्देश पर नायब तहसीलदार संग्रह हिमांशु द्विवेदी की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम ने बड़े बकायादारों के यहां छापामारी कर बकाया राजस्व जमा करने को प्रेरित किया। बुधवार को राजस्व टीम ने विभिन्न वसूली के रूप में डेढ़ लाख



छापेमारी टीम।

रुपए की राजस्व वसूली की है। कई वकायादारों को बकाया देय राजस्व जमा करने की चेतावनी दी गई है। नायब तहसीलदार हिमांशु द्विवेदी के साथ पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी और पुलिस टीम भी मौजूद रही।

## एआटीओ विवेक शुक्ला ने बढ़ाया दलालों का कुनबा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बच्चों से भरी स्कूली बस को पुलिस लाइन मे खड़ी कराने के मामले में परिवहन सचिव ने एआरटीओ विवेक शुक्ला को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद एआरटीओ ने परिवहन सचिव के निलंबन आदेश को हाईकोर्ट में चैलेंज करके निलंबन निरस्त कराकर वापस उसी पद पर आकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उसके बाद से एआरटीओ शुक्ला खुद को किंग मानकर पहले से अधिक पैमाने पर मनमानी शुरू कर दिया है। एआरटीओ कार्यालय में बाबू भी अधिकारी के संरक्षण मे बेलगाम हो गए है। एआरटीओ कार्यालय मे बगैर दलालो के कोई कार्य वाहन स्वामियों के नहीं हो रहे हैं। मनमानी ढंग से अवैध वसूली की जा रही है। एआरटीओ कार्यालय के बाहर दर्जनों की तादाद मे दलालो की गुमटी रख गई है। युवाओं से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर पांच से आठ हजार रूपये की वसूली हो रही है। एआरटीओ के दावे है कि परिवहन सचिव उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाए तो और उनका कोई क्या कर सकता है। वाहन स्वामी ओमप्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह, मतोंन्द्र कुशवाहा, महेंद्र तिवारी ने बताया कि ऐसे भ्रष्ट एआरटीओ को मुख्यमंत्री को हटा देना चाहिए। बीते लोकसभा चुनाव मे एआरटीओ ने जातिवादी बसपा प्रत्याशी के पक्ष मे वोट देने का दबाव वाहन स्वामियों पर बनाया था। दुबारा वापसी होने पर एआरटीओ विवेक शुक्ला बेलगाम हो गए है।

## सरकार की योजनाओं का लाभ ले आय करें दोगुनीः दीपक मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** मछुआ समुदाय के विकास को अनेकों योजनायें लागू कर समाज की आय दोगनी करने को प्रयासरत है। रगौली गांव में मछुआ समुदायों के बीच समिति की अध्यक्षा श्रीमती पार्वती देवी की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। बतौर मुख्य अतिथि मत्स्य विभाग अधिकारी दीपक मिश्रा मौजूद रहे। समुदाय के लोगों के उत्थान को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई।

बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि मत्स्य विकास अधिकारी दीपक मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने यमुना किनारे बसने वाले केवट, धीमर, घोघ, मल्लाह आदि जातियों को यमुना नदी में मत्स्य आखेट को पट्टे देने की योजना चलाई है। मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, पांच लाख का फ्री बीमा, साइकिल, मोटरबाइक, टाटा पिकअप पर 40 फीसदी अनुदान देने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना व मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना जिले में लागू है। योजना का लाभ लेने को मत्स्य विभाग से रजिस्ट्रेशन करायें।

सचिव राजकुमार निषाद व



योजनाओं की जानकारी देते दीपक मिश्रा।

कमतू निषाद ने बताया कि जो लोग मोबाइल चलाते हैं। वह फ्रीस फार्मर एप से पूरी जानकारी ले सकते हैं। मत्स्य जीबी सहकारी समिति रगौली से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने को मछुआ समुदाय के काफी लोग समिति से तालाबों की नीलामी लेकर मत्स्य पालन कर अपनी आय दोगुना करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को प्रदेश सरकार पांच लाख का मुफ्त बीमा किये है। आधार कार्ड, फोटो, बैंक पासबुक देकर मुफ्त बीमा का लाभ ले सकते हैं। समुदाय के लोगों के पास एक एकड़ से लेकर 2.5 एकड़ तक जमीन है तो उसमें तालाब का निर्माण कराकर मछली पालन का कार्य करके अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। मत्स्य जीवी सहकारी समिति रगौली के अध्यक्षा श्रीमती पार्वती ने कहा कि समाज को एकता के साथ रहकर समुदाय के बीच व्यापार करना लाभप्रद है। कहा कि समाज को विकास की ओर ले जाना हैं तो लोगों को नशामुक्त होकर अपने बच्चों के भविष्य पर ध्यान देना होगा। छोटी-छोटी समितियां बनाकर नदी के किनारे रह रहे मछुआरों को अधिक लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर रामनरेश, धर्मेंद्र, बृजेश कुमार, हीरालाल, फूलचंद, राम भवन, संजय, घनश्याम निषाद, कमलेश, लवलेश आदि मछुआ समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## छह माह पहले लगी दस लाख की मशीन फुंकी, 26 गांव प्रभावित

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर क्षेत्र में धान की खेती सबसे अधिक होती है। उसी क्षेत्र में स्थित चिल्लीमल पंप कैनाल के बिजली उपकरण फुंक गए हैं। इससे नहर नहीं चल रही। 26 गांवों की लगभग एक हजार बीघा धान की फसल सूख रही है। छह माह पूर्व ही दस लाख की नई मशीन लगी थी, खराब हो गई। इससे गांवों में बिजली संकट है।

चिल्लीमल पंप कैनाल से 26 गांवों की सिंचाई होती है। प्रमुख रूप से भदेहदु, चिल्लीमल, चांदी, तीरधुमाई, धौरहा, बिहरवां, अतरौली, खोपा, सुरवल, बकटा, अर्की, वीरधुमाई, सुर्की, नैनी आदि गांव है। इसी पंप कैनाल से खेतों की सिंचाई होती है। ज्यादातर किसान धान की रोपाई करें है। किसान सुशील मिश्रा, करुणेश मिश्रा, धर्मराज यादव, गंगासागर, अजय मिश्रा, दिलीप मिश्रा ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह समस्या हो रही है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नितिन कुमार ने बताया कि अचानक हाईवोल्टेज के कारण पैनलों में आग लग गई है। इससे पूरे पैनल जल गए हैं। अधिशासी अभियंता बिजली उप खंड राजापुर को सूचना दी गई है। बिजली कर्मचारी जले उपकरण को सही कर रहे हैं।

चिल्ली पंप कैनाल के लिए शासन के आदेश पर अलग से फीडर बनाया गया था। इसके लिए बिजली विभाग की तरफ से उपकरण भी लगाए गए थे। अब इसी फीडर से हर घर नल योजना के लिए सप्लाई किए जाने वाले पानी के लिए भी कनेक्शन कर दिया गया है। लोड बढ़ने से उपकरण जल गए।

## खराब उपकरण जल्द सही करायें: विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि चिल्लीमल पंप कैनाल के उपकरण फुंक जाने से मशीनें नहीं चल रही हैं। इस कारण नहरों का संचालन बंद है। हजारों बीघा लगी धान की फसल सूख रही है। गांवों में भी बिजली का संकट है। किसानों के हित में पंप कैनाल में लगे बिजली के उपकरण जल्द सही कराए जाए।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

## पुलिस ने दबोचा एक वांछित

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की टीम ने पॉक्सो एक्ट के वांछित अंगराज द्विवेदी पुत्र रामप्रताप द्विवेदी अशोह पहाड़ी को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक मनोज कुमार, दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही चन्दन विश्वकर्मा व शिवम मिश्रा शामिल रहे।

## कलश यात्रा के साथ बूडे हनुमान मंदिर में भागवत कथा शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बूडे हनुमान मंदिर में श्रीमदभागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा मंदिर से खाकी अखाड़ा तक पहुंची। इसके बाद मुख्य यजमान बजरंग बली को पहले दिन नारद मोह की कथा का मार्मिक वर्णन किया।

बुधवार को कथा व्यास कामतन के आचार्य मनोज महराज ने नारद मोह की कथा का विस्तृत वर्णन किया। भागवत सुनने से पापों का क्षरण होता है। हर तरह की व्यथा का निवारण होता है। व्यक्ति के दैहिक, दैविक तापों का शमन होता है। कथा जीवन जीने की कला सिखाती है और सांसारिक बंधनों को तोड़कर व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पहले दिन की कथा के पूर्व धूमधाम से कलश



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

यात्रा निकाली गई। बूडे हनुमानजी मंदिर से शुरु होकर कलश यात्रा खाकी अखाड़ा तक गई। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में स्थानीय महिलायें और आसपास के लोग मौजूद रहे। विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद पहले दिन की कथा की शुरुआत हुई। कथा के यजमान बूडे हनुमानजी है। इसके अलावा पुजारी रामजीदास, गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, आनंद सिंह पटेल, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेंत विभिन्न मठ -मंदिरों के पुजारी संत आदि मौजूद रहे।

## अन्ना पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रेरुआ गांव के ग्रामीण अन्ना पशुओं की समस्या से परेशान होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा व प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि गौशाला से अन्ना पशुओं को गांव के बांस क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। जो उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।स्थानीय राम सुहावन

### फसल बर्बादः शिकायत पर नहीं हो रही सुनवाई

पांडेय ने बताया कि मामले की शिकायत पहले भी कई बार की जा चुकी है। कोई सुनवाई नहीं हुई। लगभग एक महीने पहले सीडीओ को भी पत्र सौंपा गया था। अभी तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें रात-रातभर अपने खेतों में रहकर अन्ना पशुओं से अपनी फसल की रखवाली करनी पड़ रही है।ग्रामीणों ने कहा कि गौशाला में अन्ना पशुओं की देखभाल नहीं की जाती और उन्हें गांव में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## 11 से 14 सितम्बर तक चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निपुण भारत मिशन के तहत खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय रामनगर में तृतीय चक्र का चार दिवसीय प्रशिक्षण 11 से 14 सितम्बर तक चलेगा। इस चक्र में 50-50 प्रतिभागियों के दो बैच जारी हैं। प्रथम चक्र का चार दिवसीय प्रशिक्षण तीन सितंबर से शुरू होकर छह सितंबर, द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण सात सितम्बर से दस सितम्बर को समाप्त हुआ। तृतीय चक्र में 50-50 प्रतिभागियों के दो बैच संचालित हो रहे हैं। प्रशिक्षण का जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने एक बजे निरीक्षण किया।

बुधवार को जिला बेसिक



प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक।

शिक्षाधिकारी ने दोनों प्रशिक्षण कक्षों में प्रतिभागियों की गैरहाजिरी की जांच की। शत-प्रतिशत हाजिरी मिली। प्रतिभागी शिक्षकों को कर्तव्य व उत्तरदायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने, प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को विद्यालय में जाकर बच्चों के भविष्य को संवारने में प्रयोग करने का निर्देश दिये। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को समाज के गरीब तबके के बच्चे जो उनके विश्वास पर उनके विद्यालय में पढ़ने के लिए आते हैं। उनके भविष्य को संवारने में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी समयबद्धता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने अच्छे शिक्षकों को उचित मंच पर सम्मानित करने व उनकी समस्याओं का सहर्ष निस्तारण करने का आश्वासन दिया। ऐसे शिक्षक जो अपने कर्तव्य पालन में व विद्यालय आने-जाने में लापरवाही कर रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया।

निपुण भारत मिशन के तहत गतिमान प्रशिक्षण की रूपरेखा पेश की गई। प्रशिक्षण में कक्षा एक व दो को इस वर्ष लांच किया गया। एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों व कार्य पुस्तिकाओं के समुचित उपयोग के संबंध में प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रतिभागी शिक्षक/शिक्षाओं को निपुण भारत मिशन के तहत राज्य परियोजना कार्यालय से प्रदत्त दिशा-निर्देशों, गतिविधियों, विभिन्न टूल्स व टीएलएम से मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को विभिन्न एनजीओ जैसे प्रथम संस्था, पिरामल फाऊंडेशन, संपर्क फाउंडेशन आदि जिला स्तरीय वॉलिंटियर्स अवलोकित कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर बतौर एआरपी छोटा प्रसाद सिंह, राम भरोसा यादव, सुशील कुमार राणा, केआरपी शिव भूषण त्रिपाठी, सुश्री पूनम श्रीवास्तव प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## उप्र इंडस्ट्रीज एशोसिएसन के चेयरमैन बने आनन्द पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनन्द पटेल को उप्र इंडस्ट्रीज एशोसिएसन का चेयरमैन बनाने पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला मंत्री मनोज तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा, मंडल अध्यक्ष श्रवण पटेल, संजय पांडे, सुशील द्विवेदी, रमाकान्त पांडे, जवाहर सोनी, श्याम गुप्ता, राजेश रैकवार माल्यार्पण कर बधाई दी।

बुधवार को चेयरमैन घोषित होने पर आनन्द पटेल ने कहा कि चित्रकूट उद्योग के मामले में बहुत



आनन्द पटेल का स्वागत करते भाजपाई।

पिछडा क्षेत्र रहा हैं। जब से उप्र में भाजपा की सरकार बनी है, तब से चित्रकूट उद्योग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है। एशोसिएसन से उद्यमियों की समस्याओं को हल करने का काम किया जायेगा। सरकार व उद्यमियों के बीच एशोसिएसन एक पुल के रुप मे काम करेगा। सरकार की योजनाओं का उद्यमियो को लाभ दिलाया जायेगा। ज्यादा से ज्यादा जिले में उद्योग लगवाने का प्रयास किया जायेगा। सभी ने आनन्द पटेल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## उल्टी-दस्त से युवक की मौत, अस्पताल में बढे बुखार के मरीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रानीपुर कल्याणगढ़ निवासी युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को दो दिन से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रानीपुर कल्याणगढ़ के विनय रैदास को बुखार व पेट दर्द की समस्या थी। उसका स्थानीय स्तर पर इलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद उसकी मौत हो गई।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस समय बुखार व पेट दर्द के



अस्पताल में भर्ती मरीज।

चलते कई मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें भंभई के लोटन कुमार, लोढवारा के विमलेंद्र, सेमारिया की सोनिया देवी, शंकर बाजार कर्वी की रंजना, शंकर बाजार के राजू, देवकली की अन्नीदेवी, बरवारा की अंशिका और सोनू, आदर्श, पहरा के हर्षित और घुरेटा की नथिया देवी शामिल हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि बुखार या पेट दर्द की शिकायत पर तुरंत चिकित्सक से सहायता लें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## अमृतलाल गुप्ता सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य नामित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से अमृतलाल गुप्ता को सपा की राज्य कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया है। बुधवार को सपा पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने अमृतलाल गुप्ता के राज्य कार्यकारिणी सदस्य बनाने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अमृतलाल गुप्ता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। पार्टी में नगर अध्यक्ष से लेकर जिला उपाध्यक्ष जैसे पदों



नामित सदस्य का स्वागत करते लोग।

में रहकर पार्टी की सेवा कर चुके हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, मो गुलाब खां, लवलेश यादव, सीताराम कश्यप, उमाकान्त यादव, पप्पू जायसवाल, रामनरेश अग्रहरि, हरिमोहन यादव, राजा यादव, शीलू यादव, अरुण यादव, निजाम सिद्दीकी, फूलचन्द्र यादव, सुभाष पटेल, रामसनेही खांगार, रजनीश जोशी, प्रमेदचन्द्र कोटार्य, राजकिशोर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## केन्या की अदालत ने अदाणी ग्रुप के साथ हवाई अड्डा सौदा रोका



**केन्या**

**भारतीय** कंपनी अदाणी के वैश्विक विस्तार की योजना को एक और झटका लगा है. केन्या के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण और विस्तार को लेकर सरकार के साथ उसके समझौते पर वहां के हाई कोर्ट ने अस्थायी रोक लगा दी है.

केन्या के हाई कोर्ट ने भारत के अदाणी ग्रुप द्वारा जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेकेआईए) के संचालन की योजना पर अस्थायी रोक लगा दी है. यह फैसला स्थानीय विरोध के बाद आया है, जिसे आलोचक "केन्या के लोगों की जीत" के रूप में देख रहे हैं. उनका आरोप है कि यह सौदा देश की अर्थव्यवस्थाऔर संवैधानिक सिद्धांतों के खिलाफ है.

याचिका दायर करने वाले समूह के वकील ओचियल डडली ने कहा, "यह केन्या के लोगों की जीत है, जिनकी चिंताओं को एक राजनीतिक वर्ग ने अनदेखा कर दिया था, जो एक संदिग्ध सौदे को आगे बढ़ाने में लगा हुआ था."

अदाणी ग्रुप और केन्या सरकार के बीच 1.85 अरब डॉलर का समझौता हुआ था. इसके तहत अदाणी को 30 साल के लिए जेकेआईए के संचालन और विस्तार का अधिकार मिलना था. इस समझौते में हवाई अड्डे के पुराने ढांचे को आधुनिक बनाने के अलावा एक नया रनवे और नया यात्री टर्मिनल बनाना शामिल था. हालांकि, कई लोगों का मानना है कि यह समझौता केन्या के लिए घाटे का सौदा है और इससे स्थानीय नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है.

विरोध और कानूनी चुनौती

समझौते के खिलाफ लॉ सोसायटी ऑफ केन्या (एलएसके) और केन्या ह्यूमन राइट्स कमीशन (केएसआरसी) ने अदालत में याचिका दायर की थी. इन संगठनों का कहना था कि जेकेआईए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति है और इसे इतने लंबे समय के लिए विदेशी कंपनी को सौंपना अनुचित और असंवैधानिक है.

क्यों अटक गई है अदाणी की धारावी पुनर्वास योजना

एलएसके और केएचआरसी के वकील ओचियल डडली ने अदालत में कहा, "अदाणी का प्रस्ताव न तो आर्थिक रूप से फायदेमंद है, न ही यह जनता के हित में है. इस सौदे से नौकरियां जाने और वित्तीय नुकसान होने का खतरा बढ़ता है और करदाताओं को इसका कोई फायदा नहीं मिलेगा." उन्होंने कहा कि केन्या इस परियोजना के लिए जरूरी 1.85 अरब डॉलर बिना किसी दीर्घकालिक समझौते के खुद जुटा सकता है.

हाई कोर्ट के जज जॉन चिगीटी ने मामले को "तत्काल" जरूरी मानते हुए अदाणी के साथ हो रहे इस सौदे पर अस्थायी रोक लगा दी और सुनवाई की अगली तारीख 8 अक्टूबर तय की.

केन्या के लिए समझौते का महत्व

जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अफ्रीका के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है. 2022-2023 में वहां से 88 लाख यात्रियों और 3.8 लाख टन माल का आना-जाना हुआ. हवाई अड्डा केन्या की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, जहां से यात्रियों और माल से होने वाली आय देश के जीडीपी का 5 प्रतिशत से अधिक है. हालांकि, पुराने ढांचे और बार-बार बिजली कटौती जैसी समस्याओं के चलते हवाई अड्डे को अपग्रेड करने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी.

केन्या सरकार का कहना है कि अदाणी के साथ यह समझौता हवाई अड्डे को आधुनिक बनाने और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए जरूरी था. लेकिन समझौते के आलोचक इसे केन्या के लिए एक खराब सौदा मान रहे हैं. समझौते के तहत अदाणी को 30 साल के बाद भी जेकेआईए के हवाई सेवा व्यवसाय में 18 फीसदी हिस्सेदारी मिलनी थी और कंपनी को 10 साल तक टैक्स में छूट भी दी जाती.

सार्वजनिक विरोध और प्रदर्शन

इस समझौते के खिलाफ केन्या में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं. जुलाई में प्रदर्शनकारियों ने जेकेआईए को बंद करने की कोशिश की थी ।

# कांग्रेस मोदी सरकार के साथ है...

## अमेरिका से राहुल गांधी ने दिया बड़ा संकेत



**वॉशिंगटनः अमेरिका** के दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार की व?देश नीति को लेकर बड़ा संकेत दिया है। राहुल गांधी ने संकेत दिया कि कांग्रेस विदेश नीति से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे कि अमेरिका के साथ संबंध, आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं, बांग्लादेश और इजराइल में चरमपंथी तत्वों को लेकर चिंताओं पर पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार के साथ है। राहुल (54) हालांकि चीन पर मोदी की नीतियों से सहमत नहीं हैं और उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी सेना ने लद्दाख में दिल्ली के क्षेत्रफल बराबर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। यहां ह्यनेशनल प्रेस क्लबह्व में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में राहुल ने पाकिस्तान पर मोदी की नीतियों का समर्थन किया।

राहुल अमेरिका की चार दिवसीय अनौपचारिक यात्रा पर थे, जो मंगलवार को समाप्त हो गयी। उन्होंने कहा, ह्यपाकिस्तान का हमारे देश में आतंकवाद को बढ़ावा देना दोनों देशों को पीछे धकेल रहा है। हम यह स्वीकार नहीं करेंगे कि पाकिस्तान हमारे देश में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे। हम इसे स्वीकार करने वाले नहीं हैं। और जब तक वे ऐसा करते रहेंगे हमारे बीच समस्याएं बनी रहेंगी।ह्व यह पूछे जाने पर कि क्या कश्मीर मुद्दा दोनों दक्षिण एशियाई देशों को संवाद से दूर रख रहा है, इस पर उन्होंने कहा, ह्यनहीं।ह्व भारत-अमेरिका संबंध पर एक सवाल पर राहुल ने कहा कि इसे दोनों देशों में द्विदलीय समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, मुझे कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। मुझे नहीं लगता कि मोदी अमेरिका के साथ हमारे दृष्टिकोण से कुछ अलग हैं। मुझे लगता है...हर कोई इस तथ्य को स्वीकार करता है कि भारत-अमेरिका संबंध दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

भारत के आंतरिक मामले से दूर रहे अमेरिकाः राहुल

राहुल ने कहा कि वह भारत के आंतरिक मामलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं देखना चाहते हैं और भारत के अंदरुनी मामलों पर फैसला देश के लोग करेंगे। राहुल ने कहा, ह्यभारत में लोकतंत्र की लड़ाई भारत की लड़ाई है। पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं है। यह हमारी समस्या है और हम इसे देखेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोकतंत्र सुरक्षित रहे।ह्व उन्होंने कहा, ह्यहालांकि, यह समझना महत्वपूर्ण है कि भारतीय लोकतंत्र अपने आकार के कारण किसी भी सामान्य लोकतंत्र से कहीं अधिक विशाल है। अगर आप दुनिया के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण के बारे में बात कर रहे हैं तो भारतीय लोकतंत्र का उसमें बड़ा स्थान है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि दुनिया भारतीय लोकतंत्र को न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक संपदा के रूप में देखती है।

कांग्रेस नेता से पूछा गया, ह्यभारत पश्चिम एशिया में हाल में इजराइल के साथ रहा है। आप उसे कैसे बदलेंगे?ह्व इस पर राहुल ने कहा, ह्यदेखिए, मुझे लगता है कि सात अक्टूबर को जो हुआ वह बिल्कुल गलत था। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि इजराइल ने जो किया और जो कर रहा है, निर्दोष नागरिकों पर बम गिराना और महिलाएं व बच्चों की हत्या करना, वह भी पूरी तरह गलत है और उसे जारी रहने नहीं दिया जाना चाहिए। मैं किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ हूं।

और निश्चित तौर पर जिस पैमाने पर हिंसा हो रही है, मुझे लगता है कि वह इजराइल को नुकसान पहुंचा रही है।

## काबुल से दिल्ली तक कांपी धरती

**इस्लामाबादः पाकिस्तान** में 5.8 तीव्रता का भूकंप आने से दिल्ली और उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में हल्के झटके महसूस किए गए।इस्लामाबाद, लाहौर, मुल्तान, फैसलाबाद, मियांवाली, भक्कर, कमालिया, खानेवाल, भलवाल, चिनिओत, हाफिजाबाद, टोबा टेक सिंह शहरों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तानी पंजाब के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में डेरा गाजी खान क्षेत्र के पास 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भी भूकंप को महसूस किया गया। भूकंप से अफगानिस्तान भी अछूता नहीं रहा, हालांकि उनका असर काफी कम था। इस भूकंप से अभी तक किसी के हताहत होने या जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। यह पिछले दो हफ्तों में दूसरी बार है, जब दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में भूकंप आया है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस पूरे क्षेत्र में भूकंप इतनी जल्दी-जल्दी कैसे आ रहे हैं।

हिंदूकुश में भूकंप आने का कारण क्या है

हिंदूकुश क्षेत्र में भूकंप आने के कई कारण है, इसमें सबसे अहम इसकी भौगोलिक स्थिति है। हिंदूकुश क्षेत्र में आए भूकंप को अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत तक महसूस किया जाता है। हिंदूकुश पर्वत श्रृंखला एक ऐसे क्षेत्र में स्थित है, जहां कई टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं।

## आईएमएफ ने अटकाया पैकेज तो अटकी पाकिस्तान की सांस



**इस्लामाबादः पाकिस्तान** की आर्थिक स्थिति बीते कुछ वर्षों में लगातार खराब हुई है। ऐसे में आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बेलआउट मांगा है। काफी समय से पाकिस्तान में आईएमएफ से मिलने वाली मदद की चर्चा है लेकिन लगातार होती देरी से ऐसी अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि उसको कोई सहायता नहीं मिलने जा रही है। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार ने संकेत दिए हैं कि आईएमएफ इस्लामाबाद को बेलआउट पैकेज देने के लिए बहुत उत्सुक नहीं है और इसमें देर हो सकती है। माना जा रहा है कि आईएमएफ पाकिस्तान को बेलआउट देने के अपने फैसले पर पुनर्विचार कर रहा है और फिलहाल डील अधर में है। ऐसे में अगर आईएमएफ आर्थिक पैकेज में देरी करता है तो इस्लामाबाद के लिए मुश्किल हो सकती है और देश दिवालिया होने जैसी स्थिति का भी सामना कर सकता है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को सात बिलियन डॉलर के सहायता पैकेज पर सहमति जताई गई थी। आईएमएफ ने कहा था कि उसके और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच 7 बिलियन डॉलर के 37 महीने के विस्तारित फंड सुविधा व्यवस्था (ईएफएफ) पर एक स्टाफ-स्तरीय समझौता हुआ है। यह घोषणा आईएमएफ के पाकिस्तान में मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के नेतृत्व में आईएमएफ टीम द्वारा मई, 2024 में इस्लामाबाद दौरे के दौरान पाकिस्तानी पक्ष के साथ चर्चा के बाद की गई थी। यह सौदा पाकिस्तान का आईएमएफ से 24वां बेलआउट था।

## पाकिस्तान का बांग्लादेश में पैर जमाने का बड़ा प्लान, जल्द उठाने जा रहा है 3 कदम



**ढाकाः बांग्लादेश** में बीते महीने, अगस्त में एक बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिला। देशभर में विरोध प्रदर्शन के बाद शेख हसीना को अपना पीएम पद और देश छोड़ना पड़ा। शेख हसीना को भारत के लिए नरम रुख रखने वाली नेता माना जाता रहा है। वहीं पाकिस्तान के साथ हसीना सरकार के संबंध कभी भी बहुत अच्छे नहीं रहे हैं। पाकिस्तान ने 1971 के बाद से कई बार बांग्लादेश के साथ रिश्ते बेहतर करने की कोशिश की लेकिन उसे बहुत ज्यादा कामयाबी नहीं मिल सकी है। खासतौर से शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सत्ता में रहते हुए पाकिस्तान के लिए चीजें आसान नहीं रही हैं। अब जबकि बांग्लादेश में सरकार बदली है तो पाकिस्तान को उम्मीद है कि उसके लिए इस देश में जमीन तैयार होगी।

पाकिस्तान के जर्नलिस्ट और यूट्यूबर कामरान यूसुफ ने अपने एक वीडियो में बताया कि इस्लामाबाद की ओर से बांग्लादेश के साथ रिश्ते सुधारने के लिए क्या किया जा सकता है। कामरान का कहना है लंबेवक्त तक शेख हसीना की सरकार रहने की वजह से पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्ते एकदम ठंडे पड़े हुए थे। इसकी वजह ये भी है कि ज्यादातर मंचों पर भारत और बांग्लादेश का रुख पाकिस्तान के खिलाफ रहा है लेकिन अब चीजें बदल सकती हैं। कामरान ने ऐसी तीन चीजें बताई हैं, जिन पर पाकिस्तान ने बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार बनने के बाद काम किया है।

पाकिस्तान की बांग्लादेश से दोस्ती की कोशिश

कामरान के मुताबिक, 'बांग्लादेश में पाकिस्तान को लेकर रुख बीते कुछ दिनों में बदला है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और पाक पीएम शहबाज शरीफ के बीच बातचीत भी हुई है। इसके बाद दोनों देशों में बेहतर रिश्तों की चाह रखने वालों को तीन उम्मीदें बंधी हैं। पहली ये कि अब बांग्लादेश में पाकिस्तान के राजनयिक को दूसरे देशों के बराबर दर्जा मिलेगा और वो खुलकर काम कर सकेंगे। अभी तक बांग्लादेश में पाकिस्तान के डिप्लोमेट को बहुत काम नहीं करने दिया जाता था जबकि भारत के डिप्लोमेट को बहुत ज्यादा इज्जत मिलती थी।'


कामरान का कहना है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरी उम्मीद ये है कि दोनों मुल्कों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की बेहतरी के लिए बनाए गए फोरम तकरीबन खत्म कर दिए गए थे। दोनों देशों के बीच इकॉनमिक फोरम मौजूद है लेकिन हसीना के पीएम रहते ये एक्टिव नहीं था। अब उम्मीद की जा रही है कि ये फोरम एक्टिव होंगे और इससे दोनों देशों के रिश्ते भी बहाल होंगे।

## अमेरिका के प्रेसिडेंशियल डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप पर यूं भारी पड़ गईं 'भारतीय' कमला हैरिस

**वॉशिंगटनः अमेरिकी** राष्ट्रपति चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक कैंडिडेट भारतीय मूल की कमला हैरिस रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ती दिख रही हैं। मंगलवार को प्रेसीडेंशियल स्पीच में हैरिस ने गर्भपात के मुद्दे, ट्रंप की सेहत और उनके मुकदमों का हवाला देते हुए तगड़ा हमला बोला। कमला हैरिस के आक्रामक रुख ने ट्रंप को रक्षात्मक स्थिति में आने पर विवश कर दिया, जो अभी तक काफी हमलावर रुख अपनाते रहे हैं। बहस के दौरान 59 साल की हैरिस के सवालों पर 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार परेशान होते दिखे। इस दौरान उनकी झुंझलाहट भी साफ दिखी। इसका असर ये हुआ कि पोल में भी हैरिस को बढ़त मिल गई।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कमला हैरिस ने ट्रंप की भाषण शैली पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी रैलियों से लोग थकान और ऊब के चलते जल्दी उठकर चले जाते हैं। दोनों उम्मीदवारों के बीच इमिग्रेशन, विदेश नीति और स्वास्थ्य सेवा जैसे मुद्दों पर भी जमकर टकराव हुआ। हैरिस ने बहस के दौरान ट्रंप को काफी हद तक परेशान करने में सफलता प्राप्त की, जिसने उनके सहयोगियों को खुश कर दिया है। बहस के बाद कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने भी माना है कि ट्रंप रक्षात्मक हो गए थे। हैरिस ने ट्रंप को घेरा, पोल में बढ़त ट्रंप के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस के लिए चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम कर चुके मार्क शॉर्ट कहते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के पास अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर बाइडन-हैरिस को घेरने का मौका था।

## रूसी वैगनर, अमेरिकी ब्लैक वॉटर... ग्लोबल हुईं बदनाम प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियां



**वॉशिंगटनः इसी** साल अगस्त में बजट की कमी के चलते इडाहो के कैलडवेल स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने स्थानीय पुलिस विभाग के साथ अपना 2,96,807 डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। उन्होंने ईगल आई सिक्योरिटी के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया। ये दिखाता है कि प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री वैश्विक बाजार में तेजी से फैल रही है। दरअसल हाल के समय में कई ऐसी कंपनियों ने दुनियाभर में अनुबंध किए हैं, जिन पर कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। इसके बावजूद निजी सुरक्षा कंपनियां (पीएससी) गैर-युद्ध सेटिंग्स में तेजी से विस्तार कर रही हैं। रूसी वैगनर और अमेरिकी ब?लैक वॉटर जैसी कंपनियां कई आरोपों के बावजूद दुनिया में खूब काम कर रही हैं।

एशिया टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्सर कानून प्रवर्तन के साथ सहयोग करते हुए पीएससी के सशस्त्र गार्ड तेजी से आम होते जा रहे हैं। 2021 में अमेरिका में सुरक्षा गार्डों की संख्या पुलिस से ज्यादा थी। पुलिस बलों के विपरीत पीएससी अनुबंध के तहत काम करते हैं। अक्सर विवादास्पद इतिहास वाले कई पूर्व पुलिस अधिकारी निजी सुरक्षा कंपनियों में नौकरी पाते हैं क्योंकि वहां आसानी से एंट्री मिल जाती है।

बढ़ते शहरीकरण ने दिया निजी सुरक्षा एजेंसियों को जन्म

शहरीकरण के बढ़ने के बाद पहली बार 1829 में पहली आधुनिक पुलिस बल, लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस का गठन किया। इस मॉडल को 1838 में बोस्टन ने अपनाया और 1880 के दशक तक लगभग सभी अमेरिकी शहरों में फैल गया। सार्वजनिक पुलिस बलों का उदय आधुनिक निजी सुरक्षा उद्योग के जन्म के साथ हुआ।

1850 में अमेरिका में स्थापित, पिंकर्टन नेशनल डिटेक्टिव एजेंसी को पहली आधुनिक पीएससी माना जाता है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिकी आवासीय समुदायों में पीएससी की मांग बढ़ी। 1960 और 1970 के दशक में नस्लीय रूप से रंगे नागरिक अशांति ने इसे और भी तेज कर दिया।

मौजूदा समय में निजी सुरक्षा की वैश्विक उपस्थिति है, जो बाउंसर और अंगरक्षकों से लेकर भीड़ नियंत्रण इकाइयों और विशेष सशस्त्र टीमों तक की सेवाएँ प्रदान करती है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बांग्लादेश ने रोका भारत को हिल्सा मछली का निर्यात



**बांग्लादेश**

**हर** साल दुर्गा पूजा के सीजन में बांग्लादेश से पद्मा नदी की हिल्सा मछलियां बंगाल पहुंचती थी. लेकिन इस बार अंतरिम सरकार ने 'मछलियों की रानी' कही जाने वाली इस मछली का निर्यात नहीं करने का फैसला किया है.

बंगालियों के लिए हिल्सा महज एक मछली नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान है. बीते साल दुर्गा पूजा के समय बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने 3,950 टन हिल्सा कोलकाता भेजी थी. दुनिया भर की कुल हिल्सा का 70 फीसदी उत्पादन बांग्लादेश में ही होता है. यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है.

पद्मा की हिल्सा में जो स्वाद होता है वह कहीं और मिलने वाली इस मछली में नहीं होता. यही वजह है कि हर साल खासकर दुर्गा पूजा के समय बंगाल के लोग सीमा पार से आने वाली इस मछली का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं. हिल्सा की कीमत इसके वजन से तय होती है. जितनी बड़ी मछली उतनी ही ज्यादा कीमत. करीब दो हजार रुपए प्रति किलो तक बिकने के बावजूद इसकी भारी मांग रहती है. यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि बंगाली समुदाय में कोई धार्मिक अवसर हो या सामाजिक, इस मछली के बिना अधूरा ही रहता है.

निर्यात पर पाबंदी क्यों

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कथित रूप से अपनी घरेलू मांग पूरी करने के लिए इस साल भारत को हिल्सा के निर्यात पर पाबंदी लगाने का फैसला किया है. मत्स्य पालन मंत्रालय में सलाहकार फरीदा अख्तर ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में इसकी घोषणा की है. उन्होंने कहा कि इस साल दुर्गा पूजा के मौके पर भारत को इस मछली का निर्यात नहीं किया जाएगा.

इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समय शुरू की गई परंपरा पर ब्रेक लग गया है. हसीना सत्ता में रहने के दौरान हर साल अगस्त से अक्टूबर के बीच सद्भावना के तौर पर भारी मात्रा में हिल्सा यहां भिजवाती थी.

हालांकि बांग्लादेश के सरकारी सूत्रों ने डीडब्ल्यू को बताया कि घरेलू मांग तो एक बहाना है. दरअसल, शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद देश के आम लोगों में भड़की भारत विरोधी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने यह फैसला किया है. सरकार लोगों की भावनाओं को और भड़काने का खतरा नहीं उठाना चाहती.

बीते साल पद्मा की हिल्सा की पहली खेप पेट्रापोल सीमा चौकी से होकर बंगाल पहुंची थी. उस खेप में बरिशाल से कुल 45 टन मछली आई थी. उस साल बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय ने 79 निर्यातकों को करीब चार हजार टन मछली के निर्यात की अनुमति दी थी.

भारत का कूटनीतिक सिरदर्द बन सकती हैं शेख हसीना

पहला मौका नहीं

बांग्लादेश की ओर से इस मछली के निर्यात पर पाबंदी लगाने का यह पहला मौका नहीं है. इससे पहले जुलाई, 2012 में भी कथित घरेलू मांग बढ़ने के कारण शेख हसीना सरकार ने इस पर पाबंदी लगा दी थी. माना जाता है कि उस समय भी पाबंदी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अड़ियल रवैए की वजह से ही लगी थी. उन्होंने तीस्ता के पानी पर प्रस्तावित समझौते पर नाराज होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ बांग्लादेश दौरे पर जाने से मना कर दिया था.

इस पर पलटवार करते हुए बांग्लादेश ने हिल्सा के निर्यात पर पाबंदी लगा दी. उसके बाद ममता बनर्जी ने केंद्र पर इस मुद्दे को बांग्लादेश के समक्ष उठाने का दबाव बनाया और फिर फरवरी 2015 में हसीना के साथ बैठक के दौरान पाबंदी हटाने की अपील की. आखिर सितंबर 2020 में हसीना सरकार ने सामयिक रूप से पाबंदी हटा ली थी।